




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 14, अंक - 24 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 7 नवंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास खबर...

### 20 फीट नीचे नहर में गिरी कार, बाइक सवार युवकों ने डूबते व्यापारी की बचाई जान

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। कार सवार व्यापारी डूबने लगा तभी वहां से गुजर रहे बाइक सवार युवकों ने नहर में कूदकर व्यापारी की जान बचाई। यहीं नहीं स्थानीय लोगों की मदद से कार को भी ट्रेक्टर की सहायता से बाहर निकाला गया। कार सवार व्यापारी जांजगीर-चांपा जिले के बलौदा में रहने वाले अमित मिश्रा हैं जो किसी काम से बिलासपुर पहुंचे थे। काम निपटने के बाद वे वापस जा रहे थे इस दौरान यह हादसा हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार व्यवसायी अमित मिश्रा बिलासपुर दोपहर में अपनी कार से बलौदा लौट रहे थे। घटना दोपहर करीब 2 बजे के आसपास की है। बिलासपुर से निकलने के बाद रास्ते में हिंडाडीह गांव के पास मोड़ पर कार अनियंत्रित हो गई और पुल से नीच नहर में गिर गई। बताया जा रहा है कि जिस जगह पर कार गिरी चार से पांच फीट तक पानी था। व्यापारी कार के साथ डूब रहा था। इस दौरान कार के पीछे चल रहे बाइक सवार युवकों ने उनकी मदद की।

बाइक सवार युवकों ने अपनी बाइक रोकी और नहर में छलांग लगा दी। इसके बाद कार के साथ डूब से व्यवसायी अमित मिश्रा को बाहर निकाला। इसके बाद कार को स्थानीय लोगों की मदद से निकाला गया। इस पूरे घटनाक्रम को किसी ने वीडियो भी बनाया है जो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वीडियो देखने वाले युवकों की जमकर सराहना कर रहे हैं।

### भाजपा ने प्रत्याशी चयन के लिए नियुक्त किए चार पर्यवेक्षक कांग्रेस ने बुलाई चुनाव समिति की बैठक

**रायपुर।** भानुप्रतापपुर उपचुनाव: भाजपा ने प्रत्याशी चयन के लिए नियुक्त किए चार पर्यवेक्षक, कांग्रेस ने बुलाई चुनाव समिति की बैठक. छत्तीसगढ़ में होने वाले उपचुनाव के लिए प्रदेश में राजनीति गरमा गई है। सत्ताधारी कांग्रेस और विपक्षी भाजपा दोनों इस चुनाव के लिए तैयारियां तेज कर दी है। एक ओर भाजपा ने प्रत्याशी चयन के लिए चार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है तो दूसरी ओर कांग्रेस ने प्रदेश चुनाव समिति की बड़ी बैठक 8 नवंबर को बुलाई है। यह बैठक कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में होगी। इसमें कांग्रेस प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम शामिल होंगे।

### फिर जा सकती है हजारों कर्मियों की नौकरी, ट्विटर के बाद अब मेटा में बड़े पैमाने पर छंटनी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ट्विटर के बाद अब सोशल मीडिया साइट फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा में बड़े पैमाने पर छंटनी की करने की खबर है। रिपोर्ट के मुताबिक मार्क जुकरबर्ग की कंपनी से इसी हफ्ते बड़े पैमाने पर छंटनी करने जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक मेटा में आने वाले बुधवार यानी नौ नवंबर को बड़े स्तर पर छंटनी करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। दावा किया गया है कि छंटनी की इस प्रक्रिया के दायरे में कंपनी के हजारों कर्मचारी आएंगे। बताया जा रहा है कि यह छंटनी मेटा (फेसबुक) के अब तक के इतिहास में पहली बार होगा। बता दें कि सितंबर के आखिरी में कंपनी ने कहा था कि मेटा में कुल 87 हजार कर्मचारी काम करते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट में EWS Reservation पर मोदी सरकार की बड़ी जीत

# सही है सरकार का फैसला

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** EWS आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट में मोदी सरकार की जीत हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार द्वारा किए गए संविधान में संशोधन कर सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए 10 फीसदी आरक्षण को सही माना है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए EWS आरक्षण को बरकरार रखा है। आज कोर्ट में 5 जजों की बेंच में चार जजों ने सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को 10 फीसदी आरक्षण के प्रावधान को सही माना।

बता दें केंद्र सरकार ने संविधान में संशोधन कर सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए 10 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया था। इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। पिछले कई माह से इस मामले में कोर्ट में सुनवाई चल रही थी। 5 जजों की बेंच में चार जजों ने EWS आरक्षण के समर्थन में फैसला सुनाया, जबकि जस्टिस रविंद्र भट्ट ने EWS आरक्षण पर अपनी असहमति जताई।



### विरोध में दो जजों ने यह कहा

जस्टिस रवींद्र भट ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर और गरीबी झेलने वालों को सरकार आरक्षण दे सकती है और ऐसे में आर्थिक आधार पर आरक्षण अवैध नहीं है। लेकिन इसमें से एसी-एसटी और ओबीसी को बाहर किया जाना असंवैधानिक है। EWS आरक्षण केवल भेदभाव और पक्षपात है। ये समानता की भावना को खत्म करता है। ऐसे में मैं EWS आरक्षण को गलत ठहराता हूं। वहीं चीफजस्टिस यूयू ललित ने कहा कि मैं जस्टिस रवींद्र भट के विचारों से पूरी तरह से सहमत हूं।

### 27 सितंबर को कोर्ट ने सुरक्षित रखा था फैसला

बेंच ने मामले की साढ़े छह दिन तक सुनवाई के बाद 27 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सीजेआई ललित 8 नवंबर यानी मंगलवार को रिटायर हो रहे हैं। इसके पहले 5 अगस्त 2020 को तत्कालीन सीजेआई एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच ने मामला संविधान पीठ को सौंपा था। सीजेआई यूयू ललित की अध्यक्षता वाली बेंच ने कुछ अन्य अहम मामलों के साथ इस केस की सुनवाई की।

### केंद्र की दलील हमने 50 प्रतिशत का बैरियर नहीं तोड़ा

केंद्र की ओर से पेश तत्कालीन अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने सुनवाई के दौरान कहा था कि आरक्षण के 50 प्रतिशत बैरियर को सरकार ने नहीं तोड़ा। उन्होंने कहा था- 1992 में सुप्रीम कोर्ट ने ही फैसला दिया था कि 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण नहीं दिया जाना चाहिए ताकि बाकी 50 प्रतिशत जगह सामान्य वर्ग के लोगों के लिए बची रहे। यह आरक्षण 50 प्रतिशत में आने वाले सामान्य वर्ग के लोगों के लिए ही है। यह बाकी के 50 प्रतिशत वाले ब्लॉक को डिस्टर्ब नहीं करता है।

### EWS के पक्ष में 3 जजों का मत

जस्टिस दिनेश माहेश्वरी ने कहा कि केवल आर्थिक आधार पर दिया जाने वाला आरक्षण संविधान के मूल ढांचे और समानता के अधिकार का उल्लंघन नहीं करता है। आरक्षण 50 प्रतिशत तय सीमा के आधार पर भी EWSआरक्षण मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं है, क्योंकि 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा अपरिवर्तनशील नहीं है।

जस्टिस बेला त्रिवेदी ने कहा कि मैं जस्टिस दिनेश माहेश्वरी से सहमत हूं और यह मानती हूं कि EWSआरक्षण मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं है और न ही यह किसी तरह का पक्षपात है। यह बदलाव आर्थिक रूप से कमजोर तबके को मदद पहुंचाने के तौर पर ही देखना जाना चाहिए। इसे अनुचित नहीं कहा जा सकता है। जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि जस्टिस माहेश्वरी और जस्टिस बेला त्रिवेदी से सहमत होते समय मैं यहां कहना चाहता हूं कि आरक्षण की अंत नहीं है। इसे अनंतकाल तक जारी नहीं रहना चाहिए, वरना यह निजी स्वार्थ में तब्दील हो जाएगा। आरक्षण सामाजिक और आर्थिक असमानता खत्म करने के लिए है।

## 'खाकी' ने की दरिंदगी, ट्रेन में दुष्कर्म के बाद हत्या सिपाही समेत चार गिरफ्तार



**मुरादाबाद ( एजेंसी )।** चंदौसी स्टेशन पर बरेली-अलीगढ़ पैसेंजर ट्रेन में हत्या के बाद जिस युवती का शव मिला था, उसके साथ दुष्कर्म भी हुआ था। स्लाइड जांच में दुष्कर्म की पुष्टि के बाद पुलिस ने हत्या के अलावा दुष्कर्म की धारा बढ़ा दी है। इस मामले में बरेली जीआरपी के सिपाही नीरज कुमार समेत चार लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है और आरोपी सिपाही निलंबित कर दिया गया है। बरेली में निजी कंपनी में नौकरी करने वाली अलीगढ़ निवासी 23 वर्षीय युवती का शव 29 जून को बरेली से अलीगढ़ जाने वाली पैसेंजर ट्रेन की दिव्यांग बोगी में मिला था। पोस्टमार्टम में गला दबाने की पुष्टि होने पर चंदौसी जीआरपी थाने में अज्ञात पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

युवती के परिजनों ने कॉल रिकॉर्डिंग और पुरानी बातचीत के आधार पर चार लोगों पर संदेह जताया था। इसके बाद जीआरपी ने बरेली के कारपेंटर इश्तियाक अहमद, बरेली की निजी कंपनी में काम करने वाले शाहजहांपुर के एसआर राजपूत उर्फ शीशराम, अलीगढ़ के अवधेश कुमार और बरेली जीआरपी के सिपाही नीरज कुमार को मामले में आरोपी बनाया था।

पोस्टमार्टम के समय बनाई गई स्लाइड की जांच में युवती के साथ दुष्कर्म की बात सामने आई है। स्लाइड रिपोर्ट मिलने पर पुलिस ने दुष्कर्म की धारा बढ़ाने के साथ चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी रेलवे अपर्णा गुप्ता ने बताया कि चारों को जेल भेज दिया गया है। इनमें शामिल बरेली जीआरपी के सिपाही नीरज कुमार को निलंबित कर दिया है।

### डीएनए जांच के लिए सैंपल लेंगे

एसपी अपर्णा गुप्ता ने बताया कि युवती के साथ दुष्कर्म के आरोपियों की पहचान करने के लिए डीएनए जांच कराई जाएगी। डीएनए जांच के लिए चारों आरोपियों का सैंपल लिया जाएगा।

### ट्रेन में ही हुई थी हत्या

चंदौसी जीआरपी टीम की शुरुआती जांच में युवती के बरेली स्टेशन पर खुद ट्रेन में सवार होने की बात सामने आई है। इससे स्पष्ट हो गया है कि युवती की हत्या ट्रेन में ही की गई थी।

## साल का अंतिम चंद्रग्रहण : भारत में सबसे पहले अरुणाचल प्रदेश के इटानगर में दिखेगा ग्रहण



### ■ 9 घंटे पहले शुरू होगा चंद्र ग्रहण का सूतक, ग्रहण के बाद दान करें सफेद वस्तु

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सूर्य ग्रहण के बाद अब 08 नवंबर को चंद्र ग्रहण लगने वाला है. ये साल का अंतिम चंद्र ग्रहण है, जो भारत में भी दिखाई देगा। भारत में ये चंद्र ग्रहण सबसे पहले अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में दिखाई देगा। भारत में पूर्व दिशा के शहरों में ये चंद्र ग्रहण चंद्रोदय के साथ ही दिखने लगेगा। चूंकि ये चंद्र ग्रहण भारत में दृश्यमान होगा, इसलिए यहां सूतक काल के नियम भी लागू होंगे। चंद्र ग्रहण का सूतक 9 घंटे पहले शुरू हो जाता है।

यह साल का अंतिम चंद्र व पूर्ण चंद्रग्रहण है. चंद्र ग्रहण मेष राशि और भरणी नक्षत्र में लग रहा है। वैसे तो ये ग्रहण दोपहर को 01 बजकर 32 मिनट से लगेगा। लेकिन भारत में ये चंद्र ग्रहण शाम 5.20 पर दिखना शुरू होगा और इसका समापन शाम 6.20 पर होगा। इसका सूतक 08 नवम्बर को सुबह 9 बजकर 21 मिनट पर लग जाएगा। यदि चंद्र ग्रहण में अशुभ परिणाम मिल रहे हैं तो ग्रहण काल में अधिक से अधिक शिव मंत्र का जाप करें। चाहें तो चन्द्रमा के मंत्र का जाप भी कर सकते हैं। इससे मंत्र सिद्ध होगा और ज्यादा प्रभावशाली भी।

### ग्रहण काल के दौरान सावधानियां

- ग्रहण काल के दौरान कोई आहार ग्रहण न करें।
- इस दौरान पूजा पाठ वर्जित है, गर्भवती महिलाएं विशेष रूप से सावधानी बरतें।
- भगवान की मूर्तियों की स्पर्श न करें।
- ग्रहण काल के समाप्त हो जाने के बाद सम्भव हो तो स्नान कर लें।
- चन्द्रमा की वस्तुओं चीनी, दूध, नारियल और चांदी इनमें कुछ भी दान करें।
- चंद्रग्रहण के बाद पूजा स्थान की साफ-सफाई करें।
- पूजा स्थान पर गंगाजल का छिड़काव करें।

### कहां-कहां दिखेगा पूर्ण चंद्र ग्रहण?

ये चंद्र ग्रहण ग्रहण उत्तरी पूर्वी यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, प्रशांत महासागर और हिन्द महासागर में दर्शनीय होगा। भारत में पूर्ण ग्रहण केवल पूर्वी भागों में दिखाई देगा। जबकि आंशिक ग्रहण भारत के अधिकांश हिस्सों में दृश्यमान होगा। कोलकाता, पटना, सिलीगुड़ी, ईटानगर, रांची और गुवाहाटी में पूर्ण चन्द्रग्रहण के दर्शन होंगे।

## समाधान परक पत्रकारिता पर विमर्श

श्रीकंचनपथ

गुस्ताखी माफ - दीपक रंजन दास

क्या पत्रकारिता समाधान दे सकती है? क्या विसंगतियों के प्रति उंगली उठा देने मात्र से पत्रकारिता की जिम्मेदारी पूरी हो जाती है? पत्रकारिता को डिजिटल मीडिया से मिल रही चुनौतियों ने उसके स्वरूप को कितना नुकसान पहुंचाया है? क्या टीवी पर घंटों चलने वाली बहसें किसी के काम की होती हैं? इन सभी प्रश्नों के जवाब ढूंढने के लिए प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा समाधान परक पत्रकारिता पर संवाद का आयोजन किया गया. अनेक विचार उभर कर सामने आए. किसी ने कहा कि प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ में शामिल होकर पत्रकारिता अपने मायने खोने लगी है. बिना पुष्टि किए ही वह भी खबरों को परोसने की अंधी दौड़ में शामिल हो गई है. पत्रकारिता से जुड़े लोगों ने इसका प्रतिवाद भी किया. उन्होंने कहा कि प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता आज भी सबसे ज्यादा है. हां! डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी अधिकांश अखबार आज मौजूद हैं पर वह माहौल के साथ चलने के लिए विवश है. जहां तक समाधान परक होने की बात है तो अखबारों में एक परिवर्तन यह आया है कि अब हम समस्याओं के साथ ही उससे जुड़े लोगों का पक्ष भी प्रस्तुत करते हैं. पर लोगों पर इसका ज्यादा असर नहीं होता. तमाम विसंगतियों को अखबार वाले रिस्क लेकर उठाते हैं पर जनता उनके समर्थन में कहीं सामने नहीं आती. लोगों ने यह आशंका भी जताई कि जनता को समाधान की जरूरत ही नहीं है. एक मजेदार बात एक वरिष्ठ पत्रकार ने कही. उन्होंने कहा कि पहले हम कहते थे कि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करनी है तो टीवी पर समाचार देखो. अब हम कहते हैं कि टीवी से दूर ही रहो तो अच्छा है. समाचार चैनलों पर बेतुकी बहस और मनोरंजन चैनलों पर अपसंस्कृति का ही बोलबाला है. पर इस पूरी बहस का पटाक्षेप बहुत सकारात्मक रहा. अंतिम वक्ता मुख्य अतिथि ने कहा कि आज दुनिया अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भारत की ओर देख रही है. वहां की जनता अपने यहां बसे भारतवंशियों को सिर आंखों पर बैठा रही है. इसलिए चुनाव हारने के बाद भी ऋषि सुनक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंच जाते हैं. भारत समस्याओं से भागता नहीं है. हमारे यहां समस्याओं का अंबार है और हम उसका कोई न कोई हल ढूंढ ही लेते हैं. दरअसल, यही हमारी संस्कृति है. समस्याओं का समाधान ढूंढने के लिए भारत पुरातन काल से ही संवाद करता आया है. परिवार के बड़े बूढ़े, गांव के प्रमुख लोग, समाज के वरिष्ठजन हमारा मार्गदर्शन करते रहे हैं. हमने कभी एक आदमी के द्वारा सुझाया गया समाधान स्वीकार नहीं किया. इसलिए हमारे समाधानों में दम होता है. भारतीय पत्रकारिता ने भी करवट ली है और समाधान परक समाचारों पर मेहनत हो रही है. पर हमें याद रखना होगा कि पत्रकार भी उसी समाज से आ रहे हैं जहां से भ्रष्ट नेता, भ्रष्ट आईएएस, भ्रष्ट आईपीएस पैदा हो रहे हैं. इसलिए इनसे ज्यादा उम्मीद नहीं की जानी चाहिए.


No Paid News

सिर्फ खबरें...




संपर्क करें...

- बात धर्म, समाज की हो या हो आपके गली - मोहल्ले की
- राजनीति से लेकर शहर के उत्सव की
- या फिर हर उन छोटी बड़ी खबरों की जिससे है आपका सरोकार...

किसी भी आयोजन के 24 घंटे पहले संपर्क करें...

कोमल धनेसर - 9406099290 | के. मोहन राव-9893092649 | सीमांत कश्यप-9098570302

दाक्षी साहू राव - 8839424788 | गौकरण निषाद (गणेश) - 9827406851

सोनू यादव-9827806026 | गोपाल मिश्रा-6266947003

## संपादकीय

# सोशल मीडिया की फीस

ट्विटर पर आधिकारिक मालिकाना अधिकार हासिल करने के बाद एलन मस्क अपने कदमों से लगातार सुर्खियां बटोर रहे हैं। प्रबंधन के शीर्ष क्रम को फारिग करने और भारी संख्या में कर्मचारियों की छंटनी के बाद अब उन्होंने इस सोशल मीडिया मंच के 'यूजर्स' को सत्यापित पहचान देने वाले 'ब्लू टिक' के एवज में उनसे प्रतिमाह आठ डॉलर वसूलने का एलान किया है। जाहिर है, इस पर दुनिया भर में बहस खड़ी हो गई है, लेकिन मस्क ने भी साफ कर दिया है कि चाहे उनकी जितनी आलोचना की जाए, वह अपना यह कदम वापस नहीं लेने वाले। सोशल मीडिया का कारोबार मूलतः विज्ञापनों पर टिका है और इनसे होने वाली कमाई कितनी बड़ी है, इसका अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले साल ट्विटर ने विज्ञापनों से करीब 4.5 अरब डॉलर की कमाई की, जो उसकी कुल आय का 89 प्रतिशत था। यह एक लोकप्रिय मंच है और दुनिया भर में इसके करीब 45 करोड़ यूजर्स हैं, जिनमें सर्वाधिक अमेरिकी हैं। अमेरिका में तो ट्विटर इतना प्रभावशाली माध्यम बन चुका है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने तमाम बड़े नीतिगत फैसलों का एलान इस पर ही किया करते थे। अब तो दुनिया भर के तमाम शासनाध्यक्ष इसका इस्तेमाल प्रामाणिक मीडिया के रूप में करने लगे हैं। जाहिर है, एलन मस्क ने 44 अरब डॉलर लगाकर यदि ट्विटर को खरीदा है, तो वह इससे मुनाफा बटोरने की भी कोशिश करेंगे, लेकिन इसके लिए उन्हें कुछ अन्य रास्ते तलाशने चाहिए थे, क्योंकि खुद उन्होंने इसे मुक्त अभिव्यक्ति का प्रामाणिक मंच बनाने की बात कही थी। अब सत्यापन पर शुल्क आयद करके वह चिड़िया को आजाद नहीं कर रहे, बल्कि उसे पूंजी वालों की कैद में दे रहे हैं। दुनिया के तमाम खित्तों से समय-समय पर यह आरोप लगते रहे हैं कि सोशल मीडिया के विभिन्न मंच अलग-अलग देशों में सरकार व सत्ताधारियों के दबाव में न केवल विपक्ष की आवाज दबा रहे हैं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रकिया में भी गैर-वाजिब हस्तक्षेप कर रहे हैं। ऐसे में, ब्लू टिक के बदले शुल्क वसूलने से ट्विटर पर गैर-बराबरी बढ़ेगी, जो सोशल मीडिया की मूल विशेषता के विपरीत है। फिर क्या गारंटी कि बड़े लोगों या संगठनों के नाम पर सत्यापित अकाउंट बनाकर मासूम लोगों को ठगना आसान नहीं हो जाएगा? खुद एलन मस्क के अकाउंट के क्लोन की घटना इसकी एक बानगी है। निस्संदेह, सोशल मीडिया के जरिये अनेक यूजर्स, खासकर यू-ट्यूब व इंस्टाग्राम से सेलिब्रिटी यूजर्स अच्छी-खासी कमाई कर रहे हैं, पर उसकी कीमत आम यूजर्स को क्यों चुकानी चाहिए? ट्विटर ब्लू टिक के बदले जितना शुल्क मासिक रूप से बटोरना चाहता है, भारत की एक विशाल आबादी के पास तो अपने बच्चों की स्कूल फीस के लिए भी उतने पैसे नहीं होते। यह ठीक है कि विभिन्न देशों में अलग-अलग फीस रखने की बात कही जा रही है, तब भी उसके औचित्य पर सवाल उठेंगे। सोशल मीडिया के मंचों द्वारा फीस वसूलने की सूरत में यह अपेक्षा भी की जाएगी कि उनकी जवाबदेही के सख्त मापदंड हों। सोशल मीडिया से जुड़ी ज्यादातर कंपनियां पश्चिमी देशों से संचालित होती हैं और उनका रवैया अमेरिका-यूरोप में कुछ और होता है व विकासशील देशों की शिकायतों के प्रति कुछ और। ऐसे में, भारत जैसे विशाल यूजर्स आबादी वाले देश के ग्राहकों के हितों के संरक्षण के लिए सरकार को आगे आना चाहिए।

> अमेरिका में तो ट्विटर इतना प्रभावशाली माध्यम बन चुका है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने तमाम बड़े नीतिगत फैसलों का एलान इस पर ही किया करते थे। अब तो दुनिया भर के तमाम शासनाध्यक्ष इसका इस्तेमाल प्रामाणिक मीडिया के रूप में करने लगे हैं। जाहिर है, एलन मस्क ने 44 अरब डॉलर लगाकर यदि ट्विटर को खरीदा है, तो वह इससे मुनाफा बटोरने की भी कोशिश करेंगे, लेकिन इसके लिए उन्हें कुछ अन्य रास्ते तलाशने चाहिए थे, क्योंकि खुद उन्होंने इसे मुक्त अभिव्यक्ति का प्रामाणिक मंच बनाने की बात कही थी।

## पुल गिरने के लिए बनते हैं!

पाकिस्तान के मशहूर व्यंग्यकार अनवर मकसूद के लोकप्रिय टेलीविजन शो 'लूज टॉक' के एक एपिसोड में मोईन अख्तर शिक्षक बन कर आए थे और उन्होंने एक सवाल पूछा कि 'पुल किसलिए बनते हैं'? एंकर अनवर मकसूद ने कई जवाब दिए लेकिन मोईन अख्तर संतुष्ट नहीं हुए और अंत में उन्होंने जवाब दिया कि 'पुल गिरने के लिए बनते हैं'! यह पाकिस्तान की बात थी, लेकिन भारत पर भी लागू होती है। भारत में भी पुल गिरने के लिए ही बनते हैं। हो सकता है कि पाकिस्तान से कुछ कम गिरते हों लेकिन भारत में भी पुल अक्सर गिर जाते हैं। हर बार इसकी बड़ी खबर इसलिए नहीं बनती है क्योंकि कई बार ऐसे समय में पुल गिरते हैं, जब उनके ऊपर या नीचे कोई नहीं होता है। यानी हादसे में कोई मारा नहीं जाता है। निर्माणाधीन फ्लाईओवर, रेलवे ओवरब्रिज, फुटओवर ब्रिज या मेट्रो के खंभों पर बिछाई जा रही पटरियां गिर जाती हैं। एक अंतरराष्ट्रीय जर्नल 'स्ट्रक्चर एंड इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग' में 2020 में एक रिपोर्ट छपी थी। 'एनालिसिस ऑफ ब्रिज फेल्योर इन इंडिया फ्रॉम 1977 टू 2017' नाम से छपी इस रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत में इन 40 सालों में 2,130 पुल तैयार नहीं हो पाए या निर्माण के अलग अलग चरणों में गिर गए!

असल में पुल गिरना मीडिया में बड़ी खबर तब बनता है, जब ऐसी घटनाओं में लोग मरते हैं या घटना ऐसी जगह होती है, जहां चुनाव होने वाले होते हैं। याद करें कोलकाता में 2016 में विवेकानंद फ्लाईओवर गिर जाने की घटना को। उस घटना में 24 लोगों की जान गई थी। यह घटना मार्च में हुई थी और मई में पश्चिम बंगाल में चुनाव होने वाले थे। सो, यह बड़ी खबर बनी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसे लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा था। बंगाल में 2018 में भी दक्षिण कोलकाता में एक पुल गिर गया था लेकिन उसकी कोई चर्चा नहीं हुई क्योंकि सिर्फ चार लोग मरे थे और कोई चुनाव भी नहीं था। पिछले 10-12 साल में ही पुल गिरने के कई बड़े हादसे हुए, जिसमें लोगों की जान गई। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में 2011 में लकड़ी का एक पुल गिर गया था, जिसमें 32 लोगों की जान चली गई थी। इसके थोड़े ही दिन बाद अरुणाचल प्रदेश में एक फुटब्रिज टूट कर गिर गया, जिसमें 30 लोगों की मौत हुई। मरने वाले ज्यादातर बच्चे थे। तीन साल पहले 2019 में मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज रेलवे टर्मिनस पर एक फुटओवर ब्रिज टूट गया था, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी। इस पुल का ऑडिट छह महीने पहले ही हुआ था!

सोचें, अगर इन घटनाओं से कोई सबक लिया गया होता तो गुजरात के मोरबी में पुल गिरने का इतना बड़ा हादसा होता? गुजरात के मोरबी में माच्छू नदी पर बना करीब 136 साल पुराना पुल मरम्मत के बाद दोबारा चालू होने के चौथे ही दिन टूट गया। पुल पर मौजूद करीब चार सौ लोगों में से ज्यादातर लोग नदी में गिर गए और करीब 140 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में सबसे ज्यादा संख्या बच्चों की है। इतने भयावह और दर्दनाक हादसे का जिम्मेदार कौन है? क्या हादसे के लिए वे ही लोग जिम्मेदार हैं, जिनको गिरफ्तार किया गया है और जिनके खिलाफ गैर इरादतन हत्या के मामले दर्ज हुए हैं? जिस कंपनी को पुल के रखरखाव का ठेका दिया गया था उस कंपनी के छोटे छोटे नौ कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। हो सकता है कि उनके लालच की वजह से हादसा हुआ हो क्योंकि बताया जा रहा है कि टिकट क्लर्क ने क्षमता से कई गुना ज्यादा लोगों को टिकट दे दी थी। इसके बावजूद मुख्य जिम्मेदारी उनके ऊपर आयद नहीं होती है। मुख्य जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की बनती है।

> नॉर्मन बोरलॉग ने विज्ञान की अपनी जादूगरी से हमें जो बीज सौंपे थे, अगर हम उसके लायक जमीन न तैयार कर पाते, तो वह जादू कम से कम भारत में तो अपना तिलस्म खो बैठता। शुरुआत के कुछ साल तो इसी जमीन को तैयार करने में बीते। किसानों को प्रशिक्षण देने के अलावा बड़े पैमाने पर उर्वरकों का इंतजाम किया गया। यह रासायनिक खाद इतनी महंगी थी कि उन्हें खरीद पाने की हैसियत देश के आम किसानों की नहीं थी।

# नई सरसों के खिलने की बुनियादी शर्त

हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार

हथेली पर सरसों उगाना एक मुहावरा है, लेकिन केंद्र सरकार ने किसानों की हथेली पर जेनेटिकली मॉडिफाइड, यानी जीएम सरसों के जो बीज पिछले दिनों रखे, वे भारतीय कृषि के नजारे को काफी हद तक बदल सकते हैं। यह सब रातोंरात नहीं होगा, अभी तो केंद्र सरकार ने सिर्फ इसकी इजाजत ही दी है। अब हमारे पास है सरसों की एक ऐसी किस्म, जिसे 28 फीसदी तक अधिक उपज के दावे के साथ पेश किया गया है। हालांकि, खेतों में बड़े पैमाने पर इस सरसों की बुवाई का मौका दो साल बाद ही आएगा। मगर एक उम्मीद बनी है, जो हो सकता है कि दूर तक भी चली जाए। ज्यादा बड़ा सवाल यह है कि देश की किसानी इस समय जिन संकटों से जूझ रही है, क्या उसमें इस तरह की फसलें कुछ मदद कर सकेंगी? बीटी कपास एकमात्र ऐसी जीएम फसल है, जिसकी लंबे समय से देश में बुवाई हो रही है। इसकी बदौलत देश कपास के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक बन गया है। फिर, तरह-तरह के कीटों के प्रकोप से कपास की फसल जिस तरह से पहले पूरी तरह बर्बाद हो जाया करती थी, वैसी घटनाएं इतनी कम हो गई हैं कि अब उनकी चर्चा भी नहीं होती। निस्संदेह, कपास किसानों से जुड़ी बर्बादी की घटनाएं कम हुई हैं, लेकिन क्या उनकी हालत भी बेहतर हुई है? कपास किसानों की माली हालत की तुलना अगर हम गेहूं या अन्य फसलें उपजाने वाले किसानों से करें, तो उनमें कोई बड़ा अंतर नहीं दिखता। जीएम सरसों को हरी झंडी दिखाने के फैसले को कुछ विशेषज्ञों ने दूसरी हरित क्रांति की शुरुआत कहा है। एक अर्थ में यह बात



सही भी साबित हो सकती है। पहली हरित क्रांति तब हुई थी, जब देश भीषण खाद्य संकट से गुजर रहा था। आज भी कुछ लोग उस हरित क्रांति की ढेर सारी खामियां गिनाते हैं, लेकिन उसकी सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उसने देश को खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बना दिया। इस दूसरी हरित क्रांति की बात उस समय हो रही है, जब देश खाद्य तेलों के मामले में आत्मनिर्भरता से लगातार दूर जा रहा है। देश की खाद्य तेलों की 60 फीसदी जरूरत आज भी आयात से पूरी होती है। आयात पर इस निर्भरता को खत्म करना है, तो तिलहन की उपज तेजी से बढ़ानी होगी, जीएम सरसों में जो वादा या दावा किया जा रहा है, उससे भी कहीं ज्यादा तेजी से। मुमकिन है कि कुछ लगातार प्रयासों से यह लक्ष्य भी हासिल हो जाए। मगर क्या इससे किसानों की समस्याएं भी खत्म हो जाएंगी? क्या सरसों की अधिक पैदावार किसानों की अधिक आमदनी की गारंटी बन सकेगी? यह बात याद रखनी भी जरूरी है कि जिसे हम पहली हरित क्रांति कहते हैं, उसने देश के खाद्य संकट का समाधान तो किया ही था, किसानों की बहुत सारी समस्याओं को भी हल किया था। पहली हरित क्रांति के पीछे भी विज्ञान था, गेहूं की एक उन्नत किस्म थी, जिसे मैक्सिको के वैज्ञानिक नॉर्मन बोरलॉग ने काफी प्रयासों से विकसित किया था। बौने पौधे वाली गेहूं की इस किस्म में अधिक उपज की गारंटी तो थी ही, साथ-साथ यह फसल को कई तरह के रोगों और कीटों से भी बचाती थी। इसकी अधिक उपज के साथ एक शर्त यह भी जुड़ी थी कि किसान खेती के अपने परंपरागत तरीकों को बदलें। खेत की उर्वरता बढ़े और समय पर सिंचाई का पक्का इंतजाम हो। नॉर्मन बोरलॉग ने विज्ञान की अपनी जादूगरी से हमें जो बीज सौंपे थे, अगर हम उसके लायक जमीन न तैयार कर पाते, तो वह जादू कम से कम भारत में तो अपना तिलस्म खो बैठता। शुरुआत के कुछ साल तो इसी जमीन को तैयार करने में बीते। किसानों को प्रशिक्षण देने के अलावा बड़े पैमाने पर उर्वरकों का इंतजाम किया गया। यह रासायनिक खाद इतनी महंगी थी कि उन्हें खरीद पाने की हैसियत देश के आम किसानों की नहीं थी। किसानों को उर्वरकों का इस्तेमाल सिखाने से कहीं ज्यादा कठिन था, अर्थशस्त्रियों और नीति-नियामकों को उनकी कीमत कम करने के लिए राजी करना। एक दूसरा खतरा भी था, जिसे समय रहते भांप लिया गया था।

डर यह था कि अगर इन सबसे उपज वास्तव में बढ़ गई, तो एक समय के बाद किसान सिर्फ हरित क्रांति की कामयाबी की वजह से दिवालिया होने के कगार पर पहुंच जाएंगे। जिस साल उपज रिकॉर्डतोड़ होगी, मंडियों में गेहूं के भाव गोते लगाएंगे और सारी मेहनत के बाद किसानों के हाथ कुछ नहीं आएगा। इन दोनों चीजों का जो समाधान निकाला गया, वह हरित क्रांति का मूल आधार था। यानी, लागत पर सब्सिडी और उपज की खरीद की गारंटी। इन दोनों चीजों के लिए बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत थी, खासकर उपज की खरीद के लिए। जगह-जगह इस सोच के साथ खरीद केंद्र बने कि उपज बेचने के लिए किसानों को सैकड़ों मील दूर की यात्रा न करनी पड़े। भारतीय खाद्य निगम के इतने भारी-भरकम गोदाम बने, जो कुछ जगह तो नगरों का सबसे महत्वपूर्ण लैंडमार्क ही बन गए। जल्द ही इतनी उपज होने लगी कि गोदामों में जगह नहीं बची। उनके बाहर अनाज के सड़ने और चूहों का भोजन बन जाने की खबरें सालाना रस्म बन गईं। महामारी के बाद आज अगर 80 करोड़ से ज्यादा आबादी को मुफ्त अनाज इस देश के खाद्य बाजार और संतुलन पर दबाव बनाए बिना दिया जा रहा है, तो इसका बहुत बड़ा श्रेय इसी हरित क्रांति को जाता है। पंजाब, हरियाणा और पश्चिम उत्तर प्रदेश के जिन हिस्सों में इसे सबसे अच्छी तरह लागू किया गया, वहां के किसान इससे भले ही बहुत अमीर नहीं हुए, लेकिन उनकी बदहाली तो जरूर दूर हुई। कई दशक बाद यह बदहाली अब तकरीबन सभी जगह लौटने लगी है। कृषि अब घाटे का सौदा हो गई है। यह बात कई आयोगों व शोधों में सामने आ चुकी है और सरकारें भी इसे स्वीकार कर चुकी हैं। जिसे हम दूसरी हरित क्रांति कहते हैं, उसकी सबसे बड़ी जरूरत इसी सूरत को बदलने के लिए है। किसानों की आर्थिक समृद्धि का पुख्ता इंतजाम किए बिना इस क्रांति का कोई अर्थ नहीं रह जाएगा। लगातार बढ़ते और आक्रामक होते बाजार के बीच किसानों की आर्थिकी मजबूत बनी रहे, इसकी व्यवस्था इस समय की सबसे बड़ी जरूरत है। बिना इसके जीएम सरसों जैसी तकनीक हमें बहुत दूर तक नहीं ले जा सकेगी। एक बार फिर नए विज्ञान के लिए नई जमीन तैयार करने की जरूरत है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# डिजिटल रुपये के आगाज से आसान होगा वित्तीय जीवन

सतीश सिंह, बैंकिंग मामलों के जानकार

भारतीय रिजर्व बैंक ने 1 नवंबर, 2022 को केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में देश में शुरू कर दिया, पर फिलहाल इसका इस्तेमाल सरकारी प्रतिभूतियों के थोक कारोबार में किया जा रहा है। जल्द ही, केंद्रीय बैंक इसके जरिये खुदरा क्षेत्र में भी कारोबार को मुमकिन बना देगा।

यह हमारे और देश के लिए गर्व व उपलब्धि का क्षण है, क्योंकि एक तय समय-सीमा के अंदर देश में आंशिक रूप से इस संकल्पना को लागू कर दिया गया, जबकि अब भी दुनिया के अनेक केंद्रीय बैंक सीबीडीसी को अपने देश में अमलीजामा पहनाने में सफल नहीं हुए हैं। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में डिजिटल रुपया की संकल्पना को जमीन पर उतारने की घोषणा की थी और वह कामयाब भी रही। रिजर्व बैंक ने सीबीडीसी के पायलट परीक्षण के लिए 10 बैंकों का चुनाव किया है। सीबीडीसी को बैंक जारी करेंगे। किसी कॉरपोरेट या सरकारी एजेंसी को किसी खास व्यक्ति को सीबीडीसी देना है, तो उसे सरकारी या निजी बैंक से संपर्क करना होगा। चूंकि सीबीडीसी की भुगतान प्रक्रिया का स्वरूप इलेक्ट्रॉनिक है, इसलिए कागजी मुद्रा के रखरखाव की तरह इसकी लागत बहुत ज्यादा नहीं होगी।

सीबीडीसी क्रिप्टोकरेंसी से अलग है। क्रिप्टो का लेन-देन निजी तौर पर किया जाता है और इसे नियंत्रण करने वाली कोई एजेंसी दुनिया में नहीं है, जबकि सीबीडीसी का नियंत्रण रिजर्व बैंक करेगा। नियामक की निगरानी में होने की वजह से आतंकवादी गतिविधियों, मनी लॉन्ड्रिंग, धोखाधड़ी की आशंका सीबीडीसी के जरिये लेन-देन में कम रहेगी। वहीं, क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल गलत कार्यों के लिए ज्यादा किया जाता है। सीबीडीसी के लिए किसी बैंक में खाता खोलने की जरूरत नहीं होगी। मोबाइल के जरिये सेकंडों में पैसों का



लेन-देन किया जा सकेगा, जिसे इलेक्ट्रॉनिक रूप में देखा भी जा सकेगा। हालांकि, सीबीडीसी में पेपर करेंसी के सारे फीचर होंगे और लोग इसे पेपर करेंसी से बदल भी सकेंगे। एक प्रकार से इसे डिजिटल नकदी कह सकते हैं। सीबीडीसी ब्लॉक चेन तकनीक पर काम करेगा और पेपर करेंसी की तरह यह कानूनी रूप से वैध होगा। इस प्रणाली में बिचौलिया की कोई भूमिका नहीं होगी, क्योंकि सीबीडीसी भुगतान करने वाले और भुगतान लेने वाले को सीधे तौर पर जोड़ेगी। सीबीडीसी के जरिये सरकारी योजनाओं से जुड़े विभाग या संस्थान बिना किसी व्यक्ति के संपर्क में आए सीधे लाभार्थियों को लाभ पहुंचा सकते हैं। दूसरे शब्दों में कहें, तो यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लेन-देन पूरा होने के बाद ही सर्विस प्रोवाइडर को भुगतान किया जाए, जिससे भ्रष्टाचार के मामलों में कमी आएगी। हालांकि, यह साफ नहीं है कि वैसे लाभार्थियों के संदर्भ में सरकार या निजी संस्थान या कॉरपोरेट क्या करेंगे, जिनके पास मोबाइल, लैपटॉप, डेस्कटॉप, टैब आदि नहीं हैं। वित्तीय रूप से साक्षर लोग ही सीबीडीसी का उपयोग करने में समर्थ होंगे। सीबीडीसी प्रणाली को अमलीजामा पहनाने में बैंकों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी, पर बैंक पहले से ही कई सामाजिक योजनाओं को पूरा करने में भूमिका निभा रहे हैं। इस नई प्रणाली के आने से बैंकों पर और अधिक कार्यभार बढ़ेगा, लेकिन बैंक के कर्मचारियों की संख्या में फिलहाल इजाफा करने का कोई प्रस्ताव नहीं है, जिससे बैंकों को इस नई प्रणाली को अमलीजामा पहनाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

सीबीडीसी एक ऐसी भुगतान प्रणाली है, जिसका इस्तेमाल पेपर करेंसी के विकल्प के तौर पर भविष्य में किया जा सकता है, लेकिन भारत में वित्तीय साक्षरता की स्थिति अब भी दयनीय है। दूसरी तरफ, भले ही भारत डिजिटलीकरण और डिजिटल लेन-देन के मामले में विश्व में एक प्रमुख देश बनकर उभरा है, लेकिन डिजिटलीकरण के साथ-साथ देश में डिजिटल या ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटनाएं भी बहुत तेजी से बढ़ रही हैं। इसलिए, सबसे महत्वपूर्ण है कि सीबीडीसी या अन्य डिजिटल सुविधाओं को लागू करने के साथ-साथ वित्तीय साक्षरता के अभियान को मुहिम की तरह पूरे देश में 365 दिन चलाया जाए। दुर्घटना से बचने का सबसे आसान तरीका सावधानी बरतना ही है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# करुणा को जीना सीखें

इग्लैंड के प्रधानमंत्री बनने के बाद ऋषि सुनक ने जो पहला वक्तव्य दिया, उसमें उन्होंने कहा, अर्थव्यवस्था को बेहतर करने के लिए सरकार को कुछ कठोर फैसले लेने पड़ेंगे, लेकिन हम यह देखेंगे कि वे करुणापूर्णहों; जो कमजोर हैं, उनके हितों की रक्षा करते हुए हम दीर्घकालिक विकास की ओर कदम उठाएंगे। यह सुनकर मुझे माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला का स्मरण हो आया, जो कामकाज में हमेशा करुणा और समानुभूति (इम्पैथी) का उल्लेख करते हैं। इनके प्रयोग से वह माइक्रोसॉफ्ट को एक नई ऊंचाई पर ले गए।

माना कि कंप्यूटर का काम मशीन का है, लेकिन उसका उपयोग करने वाले तो मनुष्य हैं; उनकी जरूरतों, क्षमता का ध्यान रखे बिना हम कोई भी निर्णय नहीं ले सकते। इम्पैथी, यानी दूसरे की जगह खुद को रखकर देखना। नडेला का यह नजरिया उनकी व्यक्तिगत जिंदगी के अनुभव से विकसित हुआ है। उनका बड़ा बेटा मस्तिष्क पक्षाघात के साथ पैदा हुआ। पहले तो वह बेहद दुखी हुए, शिकायत से भर गए कि मेरे ही साथ यह क्यों हुआ? मगर उनकी पत्नी जिस करुण भाव से बेटे की देखभाल करती रहीं, यह देखकर नडेला का हृदय परिवर्तन हुआ। उन्होंने महसूस किया कि जिंदगी में सिर्फ बुद्धि काम नहीं आती, हार्दिकता का भी बड़ा योगदान है, क्योंकि हम सब एक संवेदनशील मनुष्य हैं, मशीन नहीं। करुणा सिर्फ धार्मिकता का हिस्सा नहीं है। करुणा सुनते ही हमें याद आते हैं बुद्ध पुरुष। मानो सांसारिक जीवन में धार्मिक वृत्तियों का कोई स्थान नहीं है, पर यह गलत सोच है, जिसने संसार और अध्यात्म, दोनों को ही अपंग कर दिया। जीवन एक बहती हुई अखंड धारा है। जब तक संसार आध्यात्मिक नहीं होता, तब तक धर्म भी अधूरा रहेगा। आज जो समस्याएं हैं, वे दुष्टता, हिंसा, कपट और लोभ से पैदा हुई हैं। क्या करुणा को व्यावहारिक जगत में लाया जा सकता है? ओशो ने सुझाव दिया है, अगर करुणा की दिशा में बढ़ना है, तो सबसे पहले हमारे आस-पास जो जड़ जगत है, उससे ही शुरू करना पड़ेगा। उस जड़ जगत के प्रति करुण होना शुरू करें। एक पत्थर पड़ा हुआ है, उस पर आप घंटे भर बैठे रहे, क्या आपने ख्याल भी किया था कि आप एक पत्थर पर घंटे भर बैठे थे? आप रेत पर बैठे हैं या समुद्र तट पर हैं, लौटते वक्त क्या धन्यवाद दे जाएंगे जगह को कि बस चल पड़ेंगे! मनुष्य भयभीत है संबंधित होने में, क्योंकि हर नया संबंध नई संभावनाएं लेकर आता है। एक वृक्ष से दोस्ती करना बड़ी कठिन बात है, क्योंकि किसी वृक्ष से संबंध बनाना एक नई हिफाजत को जन्म देना है। हम हृदय के आसपास एक कवच लेकर घूम रहे हैं, उसे तोड़ें, तो करुणा की धारा बहने लगेगी।

अमृत साधना

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेः-
9827806026, 7869620239

ओम क्रियेशन कार्ड्स
• फैंसी एनवेलोप्स • वेडिंग कार्ड • कैलेंडर
आकर्षक, मनमोहक, फैंसी
शादी कार्ड
रायपुर से कम दाम में
शॉप नं. 9301816830, मो.-9301182010
पचरी पारा, कुआ चौक, बस स्टैण्ड रोड, दुर्ग
ओम यूनिफॉर्म
स्कूल यूनिफॉर्म एंड जनरल ऑर्डर सप्लायर्स
रवि अग्रवाल-9302834646
इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स के पास, दुर्ग

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair



DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी




JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

महक सेनीटेशन




सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़






### जनसंपर्क के स्टॉल में चल रही प्रतियोगिता को मिला लोगों का प्रतिसाद

# क्विज प्रतियोगिताःसांस्कृतिक धरोहर और इतिहास से रुबरु हो रहे युवा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के युवाओं को राज्य की संस्कृति, इतिहास और धरोहर को जानने, समझने का अवसर मिल रहा है। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में राज्योत्सव के मौके पर लगाए गए जनसंपर्क विभाग के स्टॉल में आज अंतिम दिन युवाओं ने क्विज प्रतियोगिता में उत्साह से हिस्सा लिया।



गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं और छत्तीसगढ़ के सामान्य ज्ञान पर आधारित क्विज प्रतियोगिता 'संवाद आपका और हमारा' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में युवाओं सहित विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई। जनसंपर्क स्टॉल में क्विज प्रतियोगिता के साथ-साथ पारंपरिक छत्तीसगढ़ी लोक संगीत का भी लोगों ने आनंद लिया।

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे बालोद निवासी श्री विवेक साहू ने बताया कि बड़ा ही अच्छा आयोजन है। इससे सभी आयु वर्ग के लोगों को सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की संस्कृति, इतिहास और धरोहर से रूबरू होने का अवसर मिल रहा है। ऐसा आयोजन राज्य के सभी जिलों में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जैविक खेती को बढ़ावा दिए जाने का जो उत्कृष्ट प्रयास किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि विकास पर आधारित प्रदर्शनी में लोक कल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों को एलईडी के माध्यम से लोगों को जानकारी दी गयी।

जिसे अब तक प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित सभी आयु वर्ग के लाखों लोगों ने अवलोकन कर इसकी सराहना की। स्टॉल में आने वाले लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं और विगत चार साल के विकास कार्यों पर आधारित उपयोगी प्रकाशन सामग्री और ब्रोशर का भी वितरण किया गया।

# पीडब्ल्यूडी ने शुरू किया सड़कों के निर्माण और मरम्मत का कार्य

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायगढ़।** जिले की प्रमुख सड़कों के निर्माण और मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। इनमें खरसिया से छाल और हाटी होते हुए धरमजयगढ़ तथा रायगढ़ से घरघोड़ा होते हुए धरमजयगढ़ तक सड़क के विभिन्न हिस्सों में लोक निर्माण विभाग द्वारा कार्य शुरू कराया गया है। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने निर्देश पर निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में आज सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा सड़कों पर चल रहे कार्य का जायजा लेने पहुंचे।

अपर कलेक्टर राजीव पांडे, एसडीएम घरघोड़ा रोहित सिंह, एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा, ईई पीडब्ल्यूडी आर.के.खांबरा भी इस दौरान साथ रहे। सीईओ मिश्रा ने सड़कों के निर्माण की स्टेटस रिपोर्ट की जानकारी पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से ली। उन्होंने कार्य में गुणवत्ता के कार्य की गति पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। ईई पीडब्ल्यूडी श्री आर.के.खांबरा ने सड़कों के अलग-अलग हिस्सों में चल रहे कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि डभरा-खरसिया-छाल-हाटी-धरमजयगढ़ पत्थलगांव मार्ग अंतर्गत खरसिया से छाल मार्ग तथा छाल से हाटी मार्ग में सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। इसी तरह हाटी से धरमजयगढ़ मार्ग के बायसी में मिट्टी कार्य एवं पत्थलगांव से धरमजयगढ़ मार्ग में स्क्रेपिंग एवं बेड रोलिंग कार्य चल रहा है। इसी प्रकार रायगढ़ से धरमजयगढ़ सड़क मार्ग में जामपाली मार्ग में सरिया नाला के पास पेच एवं डीबीएम, जामपाली से घरघोड़ा मार्ग में कंचनपुर के पास तथा घरघोड़ा से पूंजीपथरा मार्ग में डब्ल्यूएमएम कार्य, पूंजीपथरा से रायगढ़ मार्ग में स्टार ढाबा गेरवानी से गेरवानी बस्ती तथा छाल से घरघोड़ा मार्ग में जीएसबी कार्य गेरवानी बस्ती में प्रगति पर है एवं बीटी स्केरीफाइंग का कार्य तराईमाल एवं बंजारी के मध्य तथा छाल से घरघोड़ा मार्ग में देवारमार के पास तथा घरघोड़ा से लैलूंगा मार्ग में रिटेनिंग वाल का कार्य, शोल्डर में मिट्टी का कार्य, डामर स्केरीफाइंग, डब्लयूएमएम एवं नाली कार्य कराया जा रहा है।

## खास खबर

### कार्तिक पुर्णिमा एवं गुरुनानक जयंती के अवसर पर आयुर्वेद चिकित्सा शिविर कल

**कोरबा।** कार्तिक पुर्णिमा एवँ गुरुनानक जयँती के पावन पर्व पर आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर दिनाँक 8 नवंबर 2022 मंगलवार को गुडलक स्टोर पत्थलगांव में प्रातः 10 से 2 बजे तक आयोजित है। शिविर के विषय मे गुडलक स्टोर के संचालक सोहिल अग्रवाल ने बताते हुए कहा कि इस शिविर में छत्तीसगढ के सुप्रसिद्ध ख्यातिलब्ध आयुर्वेद चिकित्सक डॉ नागेन्द्र नारायण शर्मा जो कि हजारों रोगियों की चिकित्सा का प्रत्यक्ष प्रायोगिक 15 वर्षों से अधिक का चिकित्सकीय अनुभव रखते हैं अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करेंगे। गुडलक स्टोर के संचालक सोहिल अग्रवाल ने अंचलवासियों से कार्तिक पुर्णिमा एवं गुरुनानक जयंती के पावन अवसर पर आयोजित इस विशेष आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### गाँव - गाँव तक पहुँचेगा विहिप का हितचिन्तक महाअभियान

**कांकेर।** विश्व हिन्दू परिषद प्रत्येक गांव पहुचकर हजारो की संख्या में हिन्दू समाज को विश्व हिंदू परिषद से जोड़ेगी! संगठन के जिला विशेष संपर्क प्रमुख मनोज साहू ने जानकारी देते हुए कहा कि हितचिंतक अभियान 06 नवम्बर से 20 नवम्बर तक महाअभियान चलेगा। जिसमे समाज के सभी जाति पंथ सम्प्रदाय संपर्क कर हिन्दू समाज व राष्ट्र हित के कार्यो के लिए जोड़ा जाएगा। अभियान में विशेष वर्ग के लोगो को जोड़ने सभी से संपर्क किया जावेगा। इसके अंतर्गत डॉक्टर, वकील, बिजनेश मेन व्यापारी शहर के गणमान्य नागरिक जैसे लोगो को जोड़ा जायेगा साथ ही सर्व हिन्दू समाज के युवा साथी बुजुर्ग माताये सभी वर्ग के लोगो को इस महाअभियान में जोड़ा जाएगा। आगे मनोज साहू ने कहा कि हितचिन्तक अभियान टोलियों का लक्ष्य बीस हजार हित चिन्तक बनाने का है।

### विकासखंड स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक

# मानव जीवन में खेल-खिलाड़ी को प्रतिभा दिखाने का अवसर देती हैः मंत्री डहरिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आरंग विकासखण्ड के ग्राम गुल्लू में ब्लाक स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के नगरीय प्रशासन, विकास एवं श्रम मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. डहरिया ने कहा कि मनुष्य के जीवन में खेल बहुत महत्व है। खेल से ही तन और मन दोनों स्वास्थ्य रहता है और ऊर्जा का संचार होता है।



साथ ही प्रतिभावान खिलाड़ियों को खेल के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी मिलता है। खेल के माध्यम से खिलाड़ियों को मान सम्मान प्राप्त होता है। इसलिए बच्चों को बचपन से ही विभिन्न प्रकार के खोलों से परिचित कराना चाहिए साथ ही खेल के प्रति उनमें रुचि भी उत्पन्न करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

इसी उद्देश्य को लेकर प्रदेश की भूपेश सरकार पूरे छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक को ग्राम स्तर से शुरू किया है, जिससे गांव के प्रतिभावान खिलाड़ी को प्रदेश एवं देश स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सके। प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों का मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया ने उत्साहवर्धन करते हुए हर खेल में बढ़-चढ़ कर भाग लेने का आह्वान भी किया।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल महाकुंभ का पूरे प्रदेश भर में आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर से शुरू हुए इस खेल को प्रदेश स्तर तक खेला जायेगा, जिसमें 18 आयु वर्ग तक की महिलाएं तथा पुरुषों के लिए 14 प्रकार के खेल आयोजन किया जा रहा है। उसी प्रकार 18 से 40 आयु वर्ग की महिला और पुरुष के लिए भी 14 प्रकार के खेलों का आयोजन किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत स्तर पर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों के सफल आयोजन के बाद ग्राम पंचायत स्तर के विजेता खिलाड़ियों को जोन स्तर पर खेलने का अवसर मिला और जोन स्तर पर विजेता खिलाड़ियों का चयन ब्लाक स्तर पर खेलने के लिए हुआ है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खिलेश्वर देवांगन अध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कोमल सिंह साहू, केशरी मोहन साहू, दुर्गा राय, तारा ढीढी सरपंच, भारती चंद्राकार, यादराम साहू, दिनेश ठाकुर, राहुल कुर्रे, शिव साहू, नंदू साहू, शिक्षा विभाग एवं पंचायत विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित खेल प्रतिभागी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला न्यायाधीश के मार्गदर्शन में मेगा कैम्प का आयोजन

### ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जा रहा विधिक जागरूकता अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** देश के सभी नागरिकों के लिए उचित, निष्पक्ष और न्यायिक प्रक्रिया सुनिश्चित कराने हेतु जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से राष्ट्र विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के तत्वाधीन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के अध्यक्ष व जिला न्यायाधीश के मार्गदर्शन में मेगा कैम्प का आयोजन किया गया। जहां राजनांदगांव के ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया और मोटर यान अधिनियम, घरेलु हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, साईबर क्राईम तथा नालसा व सालसा द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के संबंध में हर वर्ग के लोगों तक जानकारी पहुंचाई गई।

मेगा कैम्प का आयोजन ग्राम मनकी, तोरनकट्टा, खुटेरी, ईरा, सांकरा, और धीरी में किया गया। जहां जिला न्यायालय राजनांदगांव के न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री आशीष भगत एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट कुमारी रूचि मिश्रा द्वारा आमजन के मध्य जाकर कानून से संबंधित जानकारियों से अवगत कराया गया। इस मेगा कैम्प में आगामी नेशनल लोक अदालत जिसका आयोजन 12 नवम्बर 2022 को होने वाला है। जिसके संबंध में जानकारी दी गई। कैम्प में बताया गया कि अगर कोई मामले आपसी राजीनामा के आधार पर अपने प्रकरण का निराकरण करा सकते है और अधिक से अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से संपर्क कर सकते है। मोटर यान अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुये बताया गया कि अगर आप अपने वाहन का इस्तेमाल करते है, तो सर्वप्रथम यह ध्यान दें कि आपके पास ड्राईविंग लाईसेंस, वाहन के पंजीयन दस्तावेज, थर्ड पार्टी बीमा एवं आवश्यकता अनुसार परमिट अपने लेकर घर से निकले।

घरेलु हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम में यह बताया गया कि अगर आपके साथ किसी भी प्रकार का घरेलू हिंसा अपराध होता है, तो वह अपने अधिकारों के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकती है। संबंध में बच्चों के साथ-साथ उनके परिजनों को जागरूक रहने की जानकारी दी कि अगर इस तरह का कोई अपराध होता है तो तुरंत रिपोर्ट दर्ज कराये और कानूनी प्रक्रियाओं में उनकी व्यक्तिगत जानकारी गुप्त रखा जायेगा। साईबर क्राईम के संबंध में यह बताया गया कि वर्तमान में मोबाईल फेन और इंटरनेट का उपयोग बच्चों तथा युवकों में बढ़ गया है।

# बाढ़ आपदा से निपटने के लिए किया गया मॉकड्रिल का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** राज्य एवं जिला स्तर पर बाढ़ बचाव प्रशिक्षण के लिए गत दिवस जिला प्रशासन के सहयोग से तहसील पुसौर में बाढ़ आपदा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसके तहत बाढ़ आपदा प्रबंधन के लिए किये जाने वाले राहत बचाव की प्रक्रिया व प्रशिक्षण आदि की मॉकड्रिल किया गया।



बाढ़ आपदा से निपटने और तत्काल राहत के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण रायगढ़ द्वारा पुसौर तहसील के ग्राम परसापाली, सिंगपुरी, चंघोरी, रायपाली एवं खपरापाली को इवेंट पॉइंट तय किए गए थे। जिसमें राहत व बचाव दल के अधिकारी और कर्मचारियों ने बाढ़ से प्रभावित लोगों का रेस्क्यू कर लोगों को रिलीफकैंप तक पहुंचाने में भूमिका निभाई। इस दौरान बचाव-राहत टीम ने एक परिदृश्य तैयार किया जिसमें बाढ़ के दौरान लोगों के फंसने और नदी आदि में डूबने पर उसे खोजने का प्रदर्शन किया गया। मॉकड्रिल के दौरान आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सहित अन्य विभागों को सूचना मिलती है। भारी बारिश के कारण कुछ लोग बाढ़ में फंस गए हैं। इस पर अत्याधुनिक उपकरणों से लैस टीम घटना स्थल के लिए रवाना होती है। घटना स्थल पर पहुंच कर टीम घटना की सम्पूर्ण जानकारी लेती है और साथ ही साथ इंसिडेंट कमांड पोस्ट, हेली बेस-हेली पेड, मेडिकल ऐड पोस्ट, रिलीफ कैम्प पोस्ट तैयार गई थी। त्वरित कार्यवाही करते हुए टीम अपने मोटर बोट के माध्यम से नदियों में बचाव अभियान शुरू कर देती है। बचाव दल लाइफ बॉय, लाइफ जैकेट और डीप डाइवर्स की मदद से पीड़ितों को बचाता है और उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल ले आता है। डूबे हुए व्यक्तियों को बाहर निकाल कर बचाव टीम की ओर से प्राथमिक उपचार दिया गया और एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया।

### सिंधी समाज मनाएगा गुरु नानकदेव का प्रकाश पर्व


**कोरबा।** सिंधी समाज कोरबा के द्वारा गुरुनानक देव का 533 वा प्रकाश पर्व श्रद्धा पूर्वक कार्तिक पूर्णिमा 7 नवंबर को मनाया जाएगा। सुबह 5.00 बजे प्रभातफेरी स्वामी बाजाराम दरबार रानी रोड कोरबा से प्रारंभ होगी। नगर भ्रमण के बाद शब्द कीर्तन करते हुए गुरु की वाणी का संदेश जन.जन तक पहुंचाया जाएगा। सिंधी पंचायत के अध्यक्ष कवरलाल मनवानी ने बताया कि 9 नवंबर को सुबह 11.00 बजे श्री भोग्य साहब दोपहर 1.00 बजे से आम भंडारा सिंधु भवन रानी रोड में किया जाएगा। इसी स्थान पर रात्रि 11 बजे शब्द कीर्तन और रात्रि 1.20 बजे जन्मोत्सव की परंपरा पूरी की जाएगी।






## खास खबर

### प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 तक




**रायपुर ( ए )।** प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना के तहत शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथी 30 नवंबर है। इसके तहत लड़कों को 2500 और लड़कियों को 3000 रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाएगी। प्रतिवर्ष देश के 5500 पूर्व सैनिकों, विधवाओं के पुत्र-पुत्रियों को छात्रवृत्ति दी जाती है। अधिक जानकारी के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय रायपुर (छ.ग.) से कार्यालयीन समय में अथवा दूरभाष क्रमांक 0771-2237449 व मो. नं. 7646853020 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि जिला रायपुर, धमतरी, महासमुंद, बलौदा बाजार एवं गरियाबंद के सभी पूर्व सैनिक एवं विधवाएं जो कार्यालय में पंजीकृत हैं, उनके बच्चे जिन्होंने व्यवसायिक पाठ्यक्रमों इंजीनियरिंग, मेडिकल, डेंटल, वेटनरी, एमबीए, बीबीए, बीसीए, एमसीए, बीएड, बी फार्मा, डी फार्मा, बीएससी एवं एप्लाइड आर्ट्स एवं क्राफ्ट्स आदि में प्रथम वर्ष में दाखिला लिए हैं वे आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों का 12वीं में से 60 प्रतिशत से अधिक अंक होना चाहिए। ऑनलाइन आवेदन केंद्रीय सैनिक बोर्ड की वेबसाइट पर किया जा सकता है।

# बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए नई पहल

## बाल अधिकार संरक्षण आयोग, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और यूनिसेफ का संयुक्त आयोजन

### किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला बाल संरक्षण इकाई आए एक मंच पर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा यूनिसेफ और विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बच्चों के हित संरक्षण के लिए नई पहल करते हुए पहली बार जिलों के किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समितियों के अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला बाल संरक्षण इकाई को एक मंच पर लाया गया। इससे संस्थाओं द्वारा किये जाने वाले कार्यों में तेजी और स्पष्टता आएगी। बाल संरक्षण आयोग द्वारा आज नया रायपुर रोड स्थित होटल में पहली त्रैमासिक समीक्षा बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष गौतम भादुड़ी, छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष तेजकुंवर नेताम, यूनिसेफ के राज्य प्रमुख जॉब जकारिया, आईजी पुलिस डॉ. संजीव शुक्ला और महिला एवं बाल विकास विभाग के विशेष सचिव पोषण चंद्राकर भी उपस्थित थे।




बैठक में किशोर न्याय अधिनियम (बालकों की देखरेख और संरक्षण) 2015 तथा पॉक्सो एक्ट (लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम) 2012 और उनके प्रावधानों के क्रियान्वयन, उन्हें लागू करने में आने वाली दिक्कतों पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान लंबित मामलों के निराकरण के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। बैठक में न्यायाधीशों और अधिकारियों ने बच्चों के हितों के संरक्षण के लिए बजट के सीधे प्रवाह, किशोर न्याय बोर्ड में वीडियो कांफ्रेंसिंग सुविधा, पुलिस द्वारा समय पर चालान प्रस्तुत करना, पीड़ित की पहचान उजागर न करने जैसे कई सुझाव दिए।

तेजकुंवर नेताम ने कहा कि बच्चों को उनका पूरा अधिकार दिया जाना चाहिए। सुरक्षा, शिक्षा और सुपोषण हर बच्चें का अधिकार हैं। बच्चों की सुरक्षा और सुपोषण के लिए राज्य सरकार ने व्यवस्था की है, लेकिन इसके लिए समाज को भी आगे आना होगा। बेटियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने बच्चों में बढ़ते मोबाइल और मादक पदार्थों के नशे पर नियंत्रण के लिए न्यायाधीश भादुड़ी से अनुरोध किया।

न्यायाधीश भादुड़ी ने बच्चों के हित के लिए कार्य कर रही सभी संबंधित संस्थाओं और इकाईयों को साथ लाने के लिए बाल संरक्षण आयोग की सराहना की और आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कानून बनाए गए है लेकिन उसका लाभ भी लोगों तक पहुंचना चाहिए। पहले नैतिक कहानियों की प्रेरक पुस्तकें बच्चों के हाथ में होती थी। अब उसका स्थान मोबाइल ने ले लिया। मोबाइल के दुष्प्रभाव को रोकना होगा। इससे बचपन खत्म हो रहा है। उन्होंने न्यायाधीशों और संबंधित अधिकारियों से कहा लोगों की समस्या के निराकरण के लिए आगे बढ़े और नए रास्ते तैयार करें।

जॉब जकारिया ने कहा कि बच्चों का अधिकार सुरक्षित करना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए व्यवहार और सोच में परिवर्तन का होना जरूरी है। बच्चों का अधिकार संरक्षण करने के लिए बड़ा निवेश होना चाहिए।

बैठक के द्वितीय सत्र में जिलों के किशोर न्याय बोर्ड में लंबित प्रकरणों की जिलेवार समीक्षा की गई। इस दौरान न्यायिक अधिकारियों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विशेष किशोर पुलिस इकाई और बाल कल्याण समितियों के अधिकारियों द्वारा अपने जिलों की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बच्चों से संबंधित प्रकरणों की जानकारी दी गई।

# खेती-किसानी को मजबूत बनाना सरकार की प्राथमिकता: डॉ डहरिया

### आरंग में वृहद सहकारी किसान सम्मेलन सम्पन्न

**रायपुर।** प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया ने कहा है कि किसानों और खेती को मजबूत बनाना हमारी सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार किसानों की खुशहाली के लिए कार्य कर रही है। सरकार ने किसानों की बेहतरी के लिए अनेक फैसले लिए हैं। किसानों के अल्पकालीन कर्ज माफी, किसानों के जलकर माफी जैसे अनेक जनहितैषी फैसले लिए हैं।

डॉ. डहरिया ने कहा कि खेती-किसानी की मजबूती के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत किसानों को इनपुट सब्सिडी दी जा रही है। इससे खेती-किसानी का रकबा बढ़ने के साथ-साथ ऐसे किसान जो खेती छोड़ चुके थे, वे भी अब खेती-किसानी से जुड़ने लगे हैं। डॉ. डहरिया आज आरंग कृषि उपज मंडी में आयोजित वृहद सहकारी किसान सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अभनपुर क्षेत्र के विधायक धर्मेन्द्र साहू ने की।

डॉ. डहरिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। गांव गरीब और किसान की खुशहाली के लिए काम करते रहना ही हमारी सरकार का ध्येय है। पिछले चार वर्ष में किसान हितैषी अनेक फैसले लिए गए। किसानों को ऋण के बोझ से मुक्त करने हेतु ऐतिहासिक निर्णय लिया गया।

उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य में धान खरीदी के साथ-साथ किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना में इनपुट सब्सिडी दी जा रही है। इससे किसानों का मनोबल बढ़ा है। खेती-किसानी भी अब फायदा का सौदा साबित हो रहा है। गोधन न्याय योजना प्रारंभ कर पशु पालको एवं गोबर विक्रेतओं से 2 रूपये प्रति किलो की दर से गोबर खरीदी की जा रही है। गोबर से वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने के काम में ग्रामीणों और महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि विगत चार वर्षों में आरंग क्षेत्र के करीब 49 हजार 840 किसान भाईयों का कुल 74 लाख 10 हजार 592 क्विंटल धान की खरीदी किया गया। किसानों को 01 लाख 85 हजार 264 करोड़ रूपये का भुगतान किया गया है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ शासन ने कृषकों का ऋण माफकर बड़ी राहत प्रदान की है इसी कड़ी में आरंग विकासखण्ड में 26 हजार 558 किसानों का 8256 लाख रूपये का कर्जमाफ किया गया है।

## राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी पुरस्कृत

# दुर्ग, भिलाई, रायपुर और बिलासपुर में नए स्केटिंग ग्राउण्ड निर्माण का प्रस्ताव: स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. टेकाम

### राजधानी रायपुर में 15वीं राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता सम्पन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की रोलर स्केटिंग टीम बंगलुरू में 11 से 22 दिसम्बर तक आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होगी। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता कार्यक्रम में प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि राज्य में इस खेल को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। दुर्ग, भिलाई, रायपुर और बिलासपुर में नए स्केटिंग ग्राउण्ड बनाने का प्रस्ताव है। डॉ. टेकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए यह गौरव की बात है कि देश के सी.बी.एस.सी. स्कूलों में केवल कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना में 200 मीटर का बैंड ट्रैक स्केटिंग के लिए उपलब्ध है।




छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्कूलों में स्केटिंग को बढ़ावा देने के लिए विगत वर्ष से स्कूली खेलों में शामिल किया गया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्केटिंग का उचित वातावरण बनाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन का प्रयास जारी है, जिसमें-दुर्ग, भिलाई, रायपुर और बिलासपुर में नए स्केटिंग ग्राउण्ड का निर्माण प्रस्तावित है। मंत्री डॉ. टेकाम ने कहा कि इसी वर्ष स्केटिंग की राष्ट्रीय स्तर की ओपन चैलेंज स्पीड रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा चुकी है। जिसमें देश के 1500 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। यह भी गर्व का विषय है कि लगातार 5 वर्षों से सीबीएसई बोर्ड की राष्ट्रीय प्रतियोगिता भी कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना के ग्राउण्ड में आयोजित की जा रही हैं। डॉ. टेकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ ने इस वर्ष अहमदाबाद में आयोजित राष्ट्रीय खेल की रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में रायपुर के खिलाड़ी अमितेश मिश्रा को स्केटिंग में देश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष का गुण्डाधूर सम्मान प्रदान किया गया है।उन्होंने कहा कि इस खेल में लड़कियां भी पीछे नहीं है, स्केटिंग प्रतियोगिता में एन.एच. गोयल वर्ल्ड स्कूल की कक्षा 8 वीं की छात्रा कुमारी लावण्या जिंदल ने इनलाइन स्केटिंग में तीन गोल्ड मैडल जीते। इंदौर में 7 से 9 अक्टूबर के बीच आयोजित राष्ट्रीय पिकलबॉल प्रतियोगिता के 16 वर्ष से कम आयु वर्ग में एनएच गोयल स्कूल कक्षा 10वीं की छात्रा कुमारी हेमिका जिंदल ने सिंगल्स और डब्बल दोनों कैटेगरी में गोल्ड मैडल प्राप्त किया।

# राज्योत्सव प्रदर्शनी में जनजातीय बाजार हाटुम बना लोगों के आकर्षण का केंद्र

### 100 से अधिक लोग इस स्वरोजगार से जुड़ कर छत्तीसगढ़ी संस्कृति को दे रहे हैं बढ़ावा

### आदिवासी नृत्य महोत्सव के दौरान कलाकारो ने पहने थे यही आभूषण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पिछले पांच दिनों से चले आ रहे छत्तीसगढ़ राज्योत्सव मेले में रविवार को लोगो का जबरदस्त हुजूम देखते को मिला। राज्य के सभी जिलों से लोग अपने परिवार के साथ आकर मेले और यहां लगे प्रदर्शनी का लुफ्त उठाते दिखे। राज्योत्सव मेले में ग्रामीणों के साथ-साथ शहरी लोगो को भी छत्तीसगढ़ी आभूषणों ने अपनी ओर आकर्षित किया । शहरी युवतियां तो छत्तीसगढ़ के इन पारंपरिक गहनों को पहन कर व देखकर उत्साह से भरी नजर आईं। छत्तीसगढ़ी आभूषणों में सुता, पहुंची, रुपया माला, करधनी, बनुवारिया, ककनी, मुंदरी, पैरी, कटहल, लच्छा, बिछिया ,नागमोती आदि गहने लोगो को बहुत ही ज्यादा पसंद आए।

मेले में आए बहुत से लोगों को कहना है कि ये गहने उन्होंने पहली बार देखे हैं। कुछ विद्यार्थियों का कहना है कि इन गहनों के बारे में उन्होंने अभी तक सिर्फ किताबों में पढा था, लेकिन आज इस मेले में इन्हें देखने का भी मौका मिला। इतना ही नहीं ड्यूटी पर लगे अधिकारी व कर्मचारी भी इन आभूषणों की खरीददारी करते हुए नजर आए।

### गहनों को पहन कर युवतियों ने ली सेल्फी

मेले में आयी सुश्री अल्का सुश्री प्रीति वर्मा, सुश्री बरखा भगत का कहना है कि इन गहनों को उन्होंने आदिवासी नृत्य महोत्सव के दौरान कलाकारों को पहने देखा था और अभी इन्हें खुद अपने सामने देख रहे हैं व पहन पा रहे है जो हमारे लिए बहुत खुशी की बात है।




### हाटुम एक गोड़ी शब्द है जिसका अर्थ है बाजार



छतीसगढ़ी आभूषणों के इस स्टाल की संचालिका सुश्री भेनू ठाकुर और उनके सहयोगी प्रीतेश साहू जी ने बताया कि हाटुम एक गोड़ी शब्द है जिसका अर्थ बाजार होता है। हाटुम एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जिसमे विभिन्न जनजातियों के द्वारा बनाई गई सामग्रियों की बिक्री की जाती है। इसमें गोंड, धुरवा, उरांव व बैगा जनजातियों के द्वारा प्रयोग की जाने वाली सामग्री, आभूषण एवं परिधान सम्मिलित है। इसमें गिलट से बने आभूषण जिसमे सुता, पहुंची, रुपया माला, करधनी, बनुवारिया, ककनी, मुंदरी, पैरी आदि सम्मिलित है। बांस, लकड़ी व घास से बनी वस्तुओ में पिसवा, गप्पा, छोटे पर्स, पनिया (कंघी), पीढ़ा, चटाई सम्मिलित है। धुरवा जनजाति के द्वारा आभूषणों के रूप में प्रयोग की जाने वाली सिहाडी के बीजों से बने माला व पैजन सम्मिलित है। सभी जनजातियों के द्वारा प्रयोग की जाने वाली झालिंग, फुनद्रा, कौड़ी का श्रृंगार, नेर्क माला, आदि आभूषणों को सम्मिलित किया गया है। साथ ही जनजातीय समूहों के द्वारा प्रयोग में लाए जाने वाले परिधानों में साड़ी, गमछा, मास्क, कोट, कुर्ता, बैग एवं आदि भी शामिल हैं। सुश्री भेनु ठाकुर का कहना है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस महोत्सव मो आदिवासी युवाओं को अपनी पहचान स्थापित करने का जो मौका दिया है उसने के लिए वो मुख्यमंत्री को दिल से धन्यवाद देते हैं।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जीन्स
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

## बैडऐस रविकुमार में दिखेंगे हिमेश रेशमिया, नई फिल्म का हुआ ऐलान

मशहूर गायक-संगीतकार हिमेश रेशमिया ने 2007 में आपका सुरूर से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने करीब 10 फिल्मों में काम किया। वह पिछली बार फिल्म हैप्पी हार्डी ऐंड हीर में नजर आए थे। यह फिल्म 2020 में आई थी। अब हिमेश ने अपनी नई फिल्म का ऐलान किया है। यह फिल्म कोई और नहीं, बल्कि उनकी फिल्म द एक्सपोज का स्पिन ऑफ है। गुरुवार को हिमेश ने टीजर के साथ नई फिल्म बैडऐस रविकुमार की घोषणा की।

2014 की फिल्म द एक्सपोज में हिमेश का किरदार रविकुमार चर्चित था। अब इस किरदार पर हिमेश अलग फिल्म लेकर आए हैं। इस फिल्म में रविकुमार अकेले 10 विलेन से भिड़ता नजर आएगा। इंस्टाग्राम पर टीजर शेयर करते हुए हिमेश ने लिखा कि प्रशंसकों का प्यार उन्हें हमेशा अभिभूत करता है और प्रशंसक इस किरदार पर नई फिल्म का इंतजार कर रहे थे। बकौल हिमेश, इस ऐक्शन एंटरटेनर फिल्म में आपको रविकुमार के पागलपन की सीमा देखने को मिलेगी।

हिमेश ने अभी फिल्म की महिला कलाकार का नाम उजागर नहीं किया है। न ही अभी विलेन का किरदार निभाने वाले दस कलाकारों के नाम बताए हैं। शुक्रवार को फिल्म का पहला गाना रिलीज किया जाएगा। प्रशंसकों को गाने में फिल्म की अभिनेत्री का खुलासा होने की उम्मीद है। तरण आदर्श ने ट्विटर पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए लिखा कि हिमेश वापस आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर बैडऐस रविकुमार के लिए हिमेश को शुभकामनाएं मिल रही हैं। द एक्सपोज की बात करें तो यह एक थ्रिलर रोमांस ड्रामा फिल्म थी। फिल्म में हिमेश के साथ सोनाली राउत और जोया अफरोज नजर आई थीं। फिल्म में इरफान खान ने कैमियो किया था। फिल्म की स्क्रिप्ट खुद हिमेश ने लिखी थी। वहीं, इसका निर्देशन अनंत महादेवन ने किया था। इस फिल्म में गायक रैपर हनी सिंह ने भी अभिनय में अपना हाथ आजमाने की कोशिश की थी। फिल्म का निर्माण एचआर म्यूजिक बैनर तले हुआ था। हिमेश टीवी का भी चर्चित चेहरा हैं। वह कई लोकप्रिय म्यूजिक रिएलिटी शो जज कर चुके हैं। हिमेश ने अपने करियर की शुरुआत 1998 में की थी। 2003 में सलमान खान की तेरे नाम से उन्हें लोकप्रियता मिली। आशिक बनाया, झलक दिखला जा, नाम है तेरा, तेरा सुरूर जैसे गानों से हिमेश ने 2000 के दशक पर राज किया। आपका सुरूर, कर्ज, जैसी फिल्मों में हिमेश ने अभिनय भी किया। अब प्रशंसकों को उनकी इस नई फिल्म का इंतजार है।

## जल्द ही फिल्म काला में नजर आएंगे इरफान खान के बेटे बाबिल

मूवी बुलबुल की राइटर-डायरेक्टर अन्विता दत्त एक बार फिर नेटफ्लिक्स पर हंगामा मचाने जा रही है। जल्द ही उनकी मूवी 'काला' रिलीज हो चुकी है। काला एक साइकोलॉजिकल ड्रामा मूवी है मूवी में मुख्य कलाकार के रूप में बाबिल खान, स्वास्तिका मुखर्जी और तृप्ति डिमरी दिखाई देने वाले है। तृप्ति डिमरी इससे पहले अन्विता दत्त के साथ मूवी बुलबुल में काम कर चुकी हैं। जबकि इरफान खान के बेटे बाबिल खान की यह डेब्यु मूवी कही जा रही है। मंगलवार को मूवी का नया पोस्टर जारी किया गया साथ ही इसकी रिलीज डेट भी घोषित कर दिया गया है, मूवी को दर्शक 1 दिसंबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते है।

जल्द ही रिलीज होने वाली इस मूवी में तृप्ति एक गायिका की भूमिका में भी है, जबकि स्वास्तिका ने उनकी मां का रोल प्ले किया था। टीजर में मूवी का सेट इंडिया की आजादी से पूर्व,वर्ष 1930-40 का लग रहा हैं । एक युवा गायिका जिसकी आंखों में दर्द हैं , इसी दर्द ने उसे गायकी में शिखर पर पहुंचाया है। लेकिन यह मूवी सिर्फ उनकी गायकी के इर्द-गिर्द नहीं है बल्कि मूवी का एक और जरूरी भाग है। उनका और उनकी मां ( स्वास्तिका मुखर्जी) का रिश्ता हो या उनकी परवरिश हो सब कुछ अलग तरीके से हुआ है। इस कारण वह न्यूरोसिस का शिकार हो गई।

खबरों का कहना है कि बाबिल खान, तृप्ति और स्वास्तिका के अलावा इस मूवी में अमित सियाल, नीर राव, अविनाश राज शर्मा, आशीष सिंह भी अपने अभिनय का प्रदर्शन करते हुए दिखाई देने वाले है। जिसके पूर्व अमित सियाल ने महारानी और जामताड़ा मूवी में काम किया हैं। तो नीर राव शो फील्स लाइक होम में, अविनाश राज शर्मा फिल्म 14 फेरे में और आशीष सिंह गहराइयां में दिखाई दे चुके है।

## भेड़िया यूनिट ने तमिल गीत एननाकाई पिराथवले नीया का ऑडियो किया लॉन्च

एक रोमांचक टीजर के बाद, जिसने सभी को अपनी ओर आकर्षित कर लिया, भेड़िया के निर्माताओं ने अब तमिल गीत एननाकाई पिराथवले नीया का ऑडियो लॉन्च कर दिया है। निर्देशक अमर कौशिक की भेड़िया, जिसमें वरुण धवन और कृति सेनन मुख्य भूमिका में हैं, हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होने वाली है। कार्तिक इस ऑडियो में कोई रोमांटिक गाना गा रहे हैं। ट्रैक के बोल श्रोता को प्रसन्न करते हैं, और इसका भावपूर्ण संगीत कानों को भी भाता है!

एनाकाई पिराथवले नीया को सचिन-जिगर ने कंपोज किया है, जिसमें कार्तिक के स्वर हैं, और गीत एस सुनंदन और अमिताभ भट्टाचार्य ने दिए हैं। ऑडियो अभी आउट हो गया है और गाना सोमवार को रिलीज होगा। जियो स्टूडियोज और दिनेश विजन द्वारा प्रस्तुत भेड़िया में वरुण धवन और कृति सैनन के अलावा दीपक डोबरियाल और अभिषेक बनर्जी भी हैं। यह फिल्म पूरे देश में हिंदी, तेलुगु और तमिल में 2डी और 3डी में इस साल 25 नवंबर को रिलीज होनी है। फिल्म को लोकप्रिय प्रोडक्शन हाउस, स्टूडियो ग्रीन द्वारा पूरे तमिलनाडु में रिलीज किया जाना है।

# टीवीएफ की स्पोर्ट्स ड्रामा सीरीज सिक्सर का ट्रेलर जारी, अमेजन मिनी टीवी पर होगी रिलीज



देश की चर्चित प्रोडक्शन कंपनी द वायरल फीवर (टीवीएफ) ने कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स बनाए हैं। अब इसके बैनर तले बनने वाली वेब सीरीज सिक्सर का ऐलान हो चुका है। यह सीरीज 11 नवंबर को अमेजन मिनी टीवी पर मुफ्त में प्रसारित होगी। मेकर्स ने इसका ट्रेलर भी शेयर कर दिया है। ट्रेलर की शुरुआत में पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह इस प्रोजेक्ट के बारे में बताचीत करते हुए दिखे हैं।

अमेजन मिनी टीवी ने अपनी स्पोर्ट्स ड्रामा सीरीज सिक्सर की घोषणा की है। चैतन्य कुंभकोणम इस सीरीज का निर्देशन करेंगे। यह सीरीज हिंदी में दर्शकों के बीच आएगी और इसमें कुल छह एपिसोड होंगे। इसकी कहानी क्रिकेट के इर्द-गिर्द बुनी गई है। अभिनेता शिवांकित सिंह परिहार इस सीरीज में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। वह टीवीएफ के अन्य प्रोजेक्ट्स बैचलर्स और एस्पिरेंट्स में अपना जलवा दिखा चुके हैं।

सीरीज में इंदौर के विजय नगर के एक युवा क्रिकेटर निकुंज शुक्ला उर्फ निक्कू के जीवन की झलक दिखाई गई है। शिवांकित ने यह किरदार निभाया है। इसमें भस्मासुर का उदाहरण देते हुए मजेदार अंदाज में कहानी दिखाई गई है। इसकी कहानी देश के छोटे शहरों में रहने वाले क्रिकेट खिलाड़ियों और उनकी रोजमर्रा की जिंदगी को सामने लाती है। इसमें खेल भावना, लालच, भटकाव और सट्टेबाजी को भी दिखाने की कोशिश की गई है।

ट्रेलर में अभिनेता बद्री चव्हाण और अभिनेत्री करिश्मा सिंह की झलक भी दिखी हैं। खासतौर पर शिवांकित का अंदाज पसंद आया और एक उत्साही क्रिकेटर के किरदार में वह खूब जमे हैं। इसकी कहानी में कई ट्विस्ट देखने को मिल सकते हैं।

अमेजन एडवरटाइजिंग के प्रमुख गिरीश प्रभु ने इस प्रोजेक्ट को लेकर अपना अनुभव साझा किया है। उन्होंने कहा, क्रिकेट एक ऐसा खेल है, जो हर भारतीय को मंत्रमुग्ध कर देता है। हम अमेजन मिनी टीवी पर अपनी आगामी वेब सीरीज सिक्सर के साथ इस खेल के प्रति अटूट उत्साह और जुनून को जोड़ने के लिए बेहद उत्साहित हैं। हमें यकीन है कि यह सीरीज दर्शकों के बीच भी छक्का लगाएगी।

ओटीटी पर इन दिनों साफ-सुथरी सामग्री बनाने का काम अगर कोई कर रहा है, तो उसमें टीवीएफ का नाम सबसे आगे गिना जा सकता है। टीवीएफ की सीरीज एस्पिरेंट्स को अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। 2019 में रिलीज हुई कोटा फैक्ट्री एक मनोरंजक वेब सीरीज है। टीवीएफ ने गुल्लक जैसी सीरीज बनाकर दर्शकों के बीच अपनी पैठ मजबूत बनाई। इसके बैनर तले बनी सीरीज पंचायत को भी शानदार प्रतिक्रिया मिली। अब तक इस सीरीज के दो सीजन आ चुके हैं।

# निक्की तंबोली ने फ्रंट कट गाउन में दिखाया अपना बोल्ड अवतार



बिग बॉस फेम एक्ट्रेस निक्की तंबोली इन दिनों सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं. एक्ट्रेस अपने हुस्न के जलवे बिखेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें एक्ट्रेस बेहद ही बोल्ड नजर आ रही हैं। बिग बॉस में धमाल मचा चुकीं एक्ट्रेस मॉडल निक्की तंबोली अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने फोटो और फैशन सेंस की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। निक्की अपनी तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं। हाल ही में निक्की तंबोली ने फ्रंट कट गाउन में अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिनमें एक्ट्रेस काफी बोल्ड पोज देती नजर आ रही हैं। निक्की की इस ड्रेस में लोगों का ध्यान उनकी डीप नेक ड्रेस पर अटक गया। निक्की जिस तरह से पोज दे रही हैं, उसने इन तस्वीरों को और बोल्ड बना दिया है। जरूरत से ज्यादा डीप नेक और फ्रंट कट वाली इस ड्रेस में निक्की इठलाते हुए पोज दे रही हैं। निक्की तंबोली की इन तस्वीरों पर हमेशा की तरह ही फैंस खूब कमेंट कर रहे हैं। बता दें कि निक्की तंबोली मात्र 26 साल की हैं और उन्होंने इतनी कम उम्र में ही अपना नाम और शोहरत बना ली है। बिग बॉस; से मशहूर हुई निक्की कई म्यूजिक वीडियोज और टेलीविजन शोज में दिखाई दे चुकी हैं।

# पंकज त्रिपाठी की क्रिमिनल जस्टिस 4 पर शुरू हुआ काम, प्रोड्यूसर ने की पुष्टि

ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अभिनेता पंकज त्रिपाठी का जादू सिर चढ़कर बोलता है। हाल में वह वेब सीरीज क्रिमिनल जस्टिस 3 में नजर आए थे। अब इस सीरीज के प्रोड्यूसर और अप्लॉज एंटरटेनमेंट के सीईओ समीर नायर ने एक इंटरव्यू में बताया है कि क्रिमिनल जस्टिस 4 पर काम शुरू हो चुका है। अब तक आए इस सीरीज के तीनों सीजन को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है।

उन्होंने कहा, हम उत्साहित हैं और अब हम इसका चौथा सीजन बना रहे हैं। यह एक ऑरिजनल सीरीज होगी, क्योंकि किसी ने दुनिया में अब तक इसके चार सीजन नहीं बनाए हैं। माधव मिश्रा (पंकज) अपने आप में एक कैरेक्टर बन गया है। हम चौथे सीजन के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

सीईओ समीर ने आगे बताया कि उनकी टीम ने क्रिमिनल जस्टिस 4 की स्क्रिप्ट लिखनी शुरू कर दी है। इसके आगामी सीजन की कहानी बिल्कुल अलग होगी। वह इसे चुनौतीपूर्ण प्रोजेक्ट मानते हैं। उनकी मानें तो किसी भी सीरीज के किरदारों और कहानी को रोचक बनाने के लिए काफी रिसर्च करना पड़ता है। अब देखना दिलचस्प होगा कि मेकर्स कब इस सीरीज की आधिकारिक घोषणा करते हैं।

अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने अब तक कई चर्चित प्रोजेक्ट्स का निर्माण किया है। इस प्रोडक्शन कंपनी ने द ऑफिस, होस्टेज, ला फेमिग्लिया और योर ऑनर जैसे विदेशी शोज का हिंदी में निर्माण किया है।

क्रिमिनल जस्टिस 3 26 अगस्त को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज हुई थी। रोहन सिप्पी ने इसका निर्देशन किया था और इसे दर्शकों की ठीक-ठाक प्रतिक्रिया मिली थी। पंकज के अलावा स्वास्तिका मुखर्जी, आदित्य गुप्ता, पूरब कोहली, श्वेता बसु प्रसाद, गौरव गेरा और देशना दुगड जैसे कलाकार इस सीरीज में नजर आए। इसमें पंकज ने अपने अंदाज से फिर दर्शकों को प्रभावित किया। यह इसी नाम से बनी ब्रिटिश टेलीविजन सीरीज का हिंदी संस्करण है।

# सर्दी में बंद हो गई है नाक तो आपके काम आएंगे ये घरेलू नुस्खे



सर्दी का मौसम आ गया है और इस मौसम में नाक बंद होने की समस्या सामान्य है। जी हाँ, और सबसे अधिक वह लोग परेशान होते हैं जिन लोगों को एलर्जी की समस्या है या जिन लोगों की इम्यूनिटी कमजोर रहती है। बदलते मौसम में नाक बंद होने की समस्या ऐसे लोगों को काफी परेशान करती है।

इस अवस्था में अक्सर लोग नोजल ड्रॉप का इस्तेमाल करते हैं या दवाओं का सहारा लेते हैं। हालांकि स्टाइलक्रेज के मुताबिक, इन दवाओं का अधिक इस्तेमाल सेहत के लिए और भी नुकसानदायक हो सकता है। ऐसे में आप कुछ घरेलू नुस्खों की मदद से इनको ठीक कर सकते हैं। आइए बताते हैं आपको इनके बारे में।

### बंद नाक को खोलने के घरेलू उपाय

**गर्म पानी से लें सेक:-** एक कटोरी में गर्म पानी लें और इसमें माइक्रो फाइबर टॉवल या रुमाल डालकर निचोड़ लें। उसके बाद इस रुमाल को नाक और चेहरे पर रखें। ऐसा 3 से 4 बार करें।


**एप्पल साइडर विनेगर का इस्तेमाल:-** पानी गर्म करें और इसमें एक चम्मच एप्पल साइडर विनेगर डालें। उसके बाद इसे मिलाकर पी लें। ऐसा दिन में दो बार करें। इस विनेगर में एसेटिक एसिड और पोटैशियम होता है जो बंद नाक को खोलने, म्यूकस को निकालने और इंफेक्शन को दूर करने में मदद करता है।

**पिपरमिंट टी पिएं:-** एक कप में गर्म पानी में पिपरमिंट यानी पुदीना के कुछ पत्ते डालें। उसके बाद इसको ढककर 5 से 10 मिनट तक कम आंच पर उबाल लें। इसे दिन में दो बार पियें।

**यूकेलिप्टस ऑयलसे लें स्टीम:-** एक लीटर पानी को उबालें और इसमें यूकेलिप्टस ऑयल की कुछ बूंद डाल लें। उसके बाद इससे चेहरे को तौलिये से ढंक कर स्टीम लें और गहरी सांस लें। 2 से 3 मिनट में आप आराम महसूस करेंगे।

**नमक वाले पानी का इस्तेमाल:-** एक गलास डिस्टिल्ड वॉटर लें और इसमें आधा चम्मच नमक डाल लें। उसके बाद बेसिन के सामने झुकें और इस पानी को एक नाक से अंदर की तरफ खींचें। आप ऐसा दिन में 2 से 3 बार कर सकते हैं। उसके बाद इसे नाक में ड्रॉप की मदद से भी डाल सकते हैं।

# ऐतिहासिक फिल्म में मराठा कमांडर की पत्नी की भूमिका निभाएंगी अमृता खानविलकर



'झलक दिखला जा 10' फेम अमृता खानविलकर छत्रपति शिवाजी के कमांडर बाजी प्रभु देशपांडे की मुख्य भूमिका में शरद केलकर अभिनीत 'हर हर महादेव' में पहली बार एक ऐतिहासिक किरदार निभाएंगी। इस फिल्म को लेकर अभिनेत्री ने अपना अनुभव साझा किया। अमृता ने फिल्म में बाजी प्रभु की पत्नी सोनाबाई देशपांडे की भूमिका निभाई है।

उनका कहना था कि, 'हर हर महादेव' में सोनाबाई देशपांडे की भूमिका पहला ऐतिहासिक चरित्र है जिसे मैंने अपने जीवन में निभाया है और एक ऐतिहासिक चरित्र के साथ बड़ी जिम्मेदारी आती है क्योंकि आप चीजों की खुद कल्पना नहीं कर सकते हैं।

अमृता मराठी उद्योग का हिस्सा रही हैं और उन्होंने कई बॉलीवुड फिल्में भी की हैं जिनमें 'राजी', 'मलंग' और बहुत कुछ शामिल हैं। अभिनेत्री ने साझा किया कि कैसे उन्होंने अपनी भूमिका के लिए तैयारी की जिसमें एक ऐतिहासिक चरित्र को निभाने के लिए एक उचित शोध शामिल था।

उन्होंने कहा, आपको चरित्र का अध्ययन करना है और एक चरित्र की बारीकियां कैसी होनी चाहिए, आपको शोध करना होगा और जब यह एक जटिल ऐतिहासिक चरित्र है तो आपको इसके लिए बिना मेकअप लुक और 9 - 10 गज की साड़ी पहनना होगा, मुझे इसे पूरे दिन लपेटना है, मैं इसे पहनने के बाद वॉशरूम का उपयोग नहीं कर पा रही थी। अंत में अभिनेत्री ने कहा, जब आप कोई ऐतिहासिक किरदार निभाते हैं तो कई जिम्मेदारियां आती हैं और उसके लिए प्रशंसा मिलती हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### हिमाचल में कांग्रेस की सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ जैसी खुशहाली आयेगी- दीपक बैज

**जगदलपुर।** हिमाचल प्रदेश के सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्रीभूपेश बघेल ने बड़ी जनसभा को संबोधित किया। सभा में बस्तर सांसद व अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के उपाध्यक्ष दीपक बैज भी मौजूद रहे। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। बस्तर सांसद दीपक बैज ने इससे पूर्व, बघेल को संबोधित करने आमंत्रित करते हुए कहा कि आज आपके बीच छत्तीसगढ़ के ऐसे मुख्यमंत्री आये हैं, जिन्होंने छत्तीसगढ़ को जीरो से उठाकर विकास की ऊंचाई पर बैठा दिया है। भूपेश बघेल देश के नंबर वन मुख्यमंत्री हैं, जो दिन रात केवल जनता और छत्तीसगढ़ के विकास की सोचते हैं। न दिन देखते, न रात देखते। हर वक्त जनता का भला और राज्य के विकास में जुटे रहते हैं। आज उन्हें सुनने जिस बड़ी संख्या में लोग यहां आए हैं, वह आभास करा रहा है कि हिमाचल में कांग्रेस की सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता।

### राजनैतिक दल आदर्श आचरण संहिता का पालन करें - कलेक्टर

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने सभी राजनैतिक दलों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचरण संहिता का पालन करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी को ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जो विभिन्न जातियों और धार्मिक या भाषायी समुदायों के बीच विद्यमान मतभेद को बढ़ाये या घृणा की भावना उत्पन्न करे या तनाव पैदा करे। जब अन्य राजनैतिक दलों की आलोचना की जाये, तो वह उनकी नीतियों और कार्यक्रम, पूर्व रिकार्ड और कार्य तक ही सीमित होनी चाहिए। व्यक्तिगत जीवन के ऐसे सभी पहलुओं की आलोचना नहीं की जानी चाहिए, जिनका संबंध अन्य दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं के सार्वजनिक क्रियाकलाप से न हो।

# नवनियुक्त पदाधिकारी समाज की तरक्की के लिए कार्य करें: डॉ. टेकाम

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के नव नियुक्त अध्यक्ष श्री के.पी खांडे एवं सदस्य सर्वश्री श्रीराम पप्पु बघेल, संतोष सारथी और रमेश पेगवार ने आज न्यू राजेन्द्र नगर स्थित सांस्कृतिक भवन में बाबा गुरूघासीदास की पूजा-अर्चना कर पदभार ग्रहण किया।

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया की उपस्थिति में नव नियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। मंत्री द्वय ने नवनियुक्त अध्यक्ष और सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधियों द्वारा भी नवनियुक्त पदाधिकारियों और अतिथियों का स्वागत किया।

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा कि संविधान के अधिकार के तहत आयोग में अध्यक्ष और पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। आयोग के नवनियुक्त पदाधिकारियों का दायित्व है कि वे समाज की तरक्की के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग की तेजी से तरक्की के लिए पृथक से विभाग बनाने का निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार की स्पष्ट सोच है कि समाज आगे बढ़े और तरक्की करे। डॉ. टेकाम ने कहा कि समाज को तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ाने के लिए सबसे बड़ा हथियार शिक्षा है। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही आगे बढ़ेगा। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में बेहतर शिक्षा के लिए स्वामी आत्मानंद हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम स्कूल का संचालन किया जा रहा है। कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों को स्थानीय भाषा में शिक्षा दी जा रही है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए जागरूक होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि बाबा गुरूघासीदास के आशीर्वाद से समाज की उन्नति और विकास हो रहा है। बाबा गुरूघासीदास ने समाज में अन्याय, अत्याचार को दूर करने का काम किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर ने संविधान का निर्माण कर सभी को समानता का अधिकार दिया। संविधान की व्यवस्था से समाज को लाभ मिलेगा। बाबा साहब अम्बेडकर ने दलित, गरीब, महिलाओं, श्रमिकों को अधिकार दिलाने के लिए कार्य किया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती पदमा मनहर, उपाध्यक्ष औषधि पादप बोर्ड गुरू खुशवंत गोसाई, अतिरिक्त महाधिवक्ता बिलासपुर श्रीमती मीना शास्त्री, अध्यक्ष चरोदा नगर निगम निर्मल कोसरे, सदस्य श्रम कल्याण असंगठित कर्मकार मंडल आनंद गिलहरे, बाल संरक्षण आयोग की सदस्य श्रीमती पुष्पा पटेल, अध्यक्ष राजश्री सद्भावना समिति श्रीमती सकुन डहरिया सहित डॉ. जे. आर. सोनी, सुंदरलाल जोगी, डी. एस. पात्रे, जी. आर. वाघमारे,एम. डी. माहिलकर एवं अन्य जनप्रतिनिधि, समाज के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# राज्योत्सव के दौरान श्रम विभाग के सुविधा केंद्र में 550 से अधिक लोगों ने किया आवेदन

## श्रमेव जयते मोबाइल एप्प में 10 हजार से अधिक श्रमिकों का आवेदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

### एप्प के माध्यम से 60 प्रकार की योजनाओं के साथ ही श्रमिक डाऊनलोड कर सकते हैं अपना श्रम कार्ड




**रायपुर।** राजधानी के साइंस कालेज मैदान पर चल रहे राज्योत्सव मेला में श्रम विभाग ने ऑनस्पाट सुविधा केंद्र ई श्रमिक पंजीयन लगाया है। श्रम विभाग के इस स्टॉल में अब तक साढ़े पांच सौ से अधिक लोगों का ऑनस्पाट श्रमेव जयते नामक मोबाइल एप्प के माध्यम से पंजीयन हेतु आवेदन किया जा चुका है। श्रम विभाग द्वारा श्रमिको की सुविधा के लिए श्रमेव जयते नाम से मोबाइल एप्प बनाया गया है जिसके माध्यम से बहुत ही आसानी से श्रमिको का पंजीयन किया जा सकता है। एक बार पंजीयन हो जाने के बाद श्रमिक विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली सरकारी योजनाओं के लिए इस एप्प के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

साथ ही अन्य योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक नि:शुल्क कार्ड योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मेधावी छात्र/छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन योजना, निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु उत्कृष्ट खेल प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना, विशेष शिक्षा सहायता योजना, मोबाईल रजिस्ट्रेशन वेन योजना, मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर कौशल विकास एवं परिवार सशक्तिकरण योजना, शहीद वीरनारायण सिंह श्रम अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, बंधक निर्माण मजदूर पुनर्वास सहायता योजना, श्रम मित्र योजना, सिलिकोसिस से पीड़ित निर्माण श्रमिकों के लिये आर्थिक सहायता एवं पुनर्वास सहायता योजना, निर्माण श्रमिक ई-रिक्शा सहायता योजना,दुर्घटना में चिकित्सा सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना की तरह के 60 प्रकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस एप्प के माध्यम से श्रमिक अपना मजदूर कार्ड डाऊनलोड कर सकते हैं। श्रमिक अपने साथ काम करने वाले सहकर्मी के साथ हुई किसी भी दुर्घटना की सूचना विभाग को श्रमेव जयते एप्प के माध्यम से दे सकते हैं। राज्योत्सव में लगे श्रम विभाग के स्टाल के माध्यम से आने वाले आगंतुकों को विभाग की योजनाओं लाभ एवं जानकारी प्रदान की गई।

# संसदीय सचिव मंडावी ने विकासखंड स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का किया शुभारंभ



श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। संसदीय सचिव श्री इंद्रशाह मंडावी ने जिला मुख्यालय मोहला के शासकीय हाई स्कूल मैदान में तीन दिवसीय विकासखंड स्तरीय छत्तीसगढिया ओलम्पिक का शुभारंभ किया। श्री मंडावी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं पारंपरिक खेल को बढ़ावा देने छत्तीसगढिया ओलम्पिक खेल का आयोजन किया गया है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं खेलों को संरक्षित करने एवं सहेजने के लिए शासन द्वारा यह पहल की गई है। उन्होंने सभी खिलाड़ी खेल भावना के साथ खेलने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करें।

गौरतलब है कि छत्तीसगढिया ओलम्पिक में कुल 978 प्रतिभागी भाग ले रहे है। इसमें गिल्ली-डंडा, पिट्ठुल, सांखली, लंगड़ी दौड़, रस्सा-कस्सी, बांटी , बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भौंरा, 100 मीटर दौड़ एवं लम्बी कूद का आयोजन किया गया। इसके साथ ही 6 नवंबर को खो-खो और 7 नवम्बर को कबड्डी का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढिया ओलम्पिक में युवाओं से लेकर बच्चे, बुजुर्ग तथा सभी वर्ग की सहभागिता है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के पाली आगमन पर, सरपंच सहित लगभग 80 लोग हुए भाजपा में शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा/पाली। छत्तीसगढ़ राज्य में विधानसभा चुनाव 2023 में होना तय है,जिसके लिए भाजपा व कांग्रेस दोनों ही पार्टी ने अपने-अपने जीत के लिए दमखम दिखाना शुरू कर दिया है वही भारतीय जनता पार्टी जो पिछले 4 वर्षों से सत्ता से दूर है अब वर्ष 2023 के चुनाव में सत्ता में काबिज होने के लिए चुनावी शंखनाद कर दिया है।**



आलाकमान ने जिसके लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की कमान अरुण साव के कंधे पर सौंपी है।

श्री साव 2023 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को सत्ता दिलाने अपनी पूरी टीम के साथ पूरे प्रदेश का दौरा कर रहे हैं। ताकि कार्यकर्ताओं को रिचार्ज किया जा सके। दूसरी ओर प्रदेश में कोरबा ऊर्जाधानी होने से यहां के चारों विधानसभा अपने आप में अलग स्थान रखते है। कोरबा जिले के दौरे पर आए प्रदेश अध्यक्ष को पाली शिव मंदिर चौक पर भाजपा के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के द्वारा महामाला पहनाते हुए गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद अरुण साव कोरबा प्रवास के दौरान पाली प्रथम आगमन पर प्राचीन शिव जी के मंदिर में दर्शन पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की ।

कार्यक्रम में भाजपा अजजा मोर्चा जिला महामंत्री विजय बहादुर जगत के अगुवाई में विभिन्न पंचायत सरपंच सहित 80 ग्रामीणों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। जिसमें मदनपुर सरपंच सत्यनारायण ध्रुव,पंच विमल सम्मार सिंह,बन्धन कुंवर, सहित 25 लोग,कुटेला मुड़ा सरपंच सत्यनारायण सिंह कंवर,सहित 10 लोग,जेमरा कृष्णा कुमार शत्रुघन सहित 10, बड़ेबाका जय कुमार कश्यप,देवी सिंह सहित 10 ,कर्रा नवापारा श्रीमति ग्वालिन बाई ,श्रीमति भगवती पंच सहित 20 पोलमी पंचायत के आश्रित ग्राम

तिलैहा से जनक राम राज, पंचराम राज,भागवत राज,राधे श्याम राज, सुगन्ध सिंह टेकाम , शिवचरन केवट ,राजकुमार केवट, संजीव मरकाम, सहदेव पोर्ते , भाजपा में शामिल हुए।

इस दौरान बेलतरा विधायक व कोरबा जिला के संगठन प्रभारी रजनीश सिंह,कोरबा जिला संगठन सहप्रभारी,गोपाल साहू, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योतिनंद दुबे,भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव सिंह,जिला उपाध्यक्ष सजंय भावनानी, महामंत्री संतोष देवांगन, जिला मंत्री अजय जायसवाल, भाजयुमो उपाध्यक्ष चिंटू राजपाल ,मण्डल अध्यक्ष रोशन सिंह ठाकुर, सहित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

# राजस्व मंत्री ने किया मैकेनाईज्ड स्वीपिंग मशीन का लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने शनिवार सायं घंटाघर में निगम के मैकेनाईज्ड स्वीपिंग मशीन का लोकार्पण किया एवं हरी झण्डी दिखाकर मशीन वाहन को स्वीपिंग कार्य हेतु रवाना किया, इस मशीन का उपयोग शहर की सड़कों को धूल मुक्त करने के लिए निगम द्वारा किया जाएगा। लोकार्पण कार्यक्रम के मौके पर महापौर राजकिशोर प्रसाद सहित निगम की एम.आई.सी.के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण उपस्थित थे।**

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत 01 करोड़ 04 लाख रूपये की लागत से मैकेनाईज्ड स्वीपिंग मशीन का क्रय कर उसे निगम के सफाई संशाधनों के बेडे में शामिल किया गया है। कोरबा शहर की मुख्य सड़कों में धूल का प्रबंधन करने के दृष्ट से यह मशीन अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी, निगम द्वारा मशीन के संचालन एवं संधारण हेतु एजेंसी का चयन कर उक्त एजेंसी को यह कार्य सौपा गया है। शनिवार को सायं घंटाघर स्थित मुख्य मार्ग पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने उक्त मैकेनाईज्ड स्वीपिंग मशीन को लोकार्पित करते हुए उसे स्वच्छता कार्यो हेतु समर्पित किया, इस मौके पर महापौर राजकिशोर प्रसाद भी उपस्थित थे। राजस्व मंत्री अग्रवाल ने मशीन का लोकार्पण करते हुए उसका समुचित संचालन, संधारण किए जाने के निर्देश अधिकारियों को मौके पर दिए। इस अवसर पर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष कांत बुधिया, निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण सुखसागर निर्मलकर, सुनीता राठौर, प्रदीप जायसवाल, पार्षद शैलेन्द्र सिंह पप्पी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुकेश राठौर, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ठाकुर अवधेश सिंह, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सुनील वर्मा, सा.जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, स्वच्छता पर्यवेक्षक रामप्रसाद मिर्री, अजित कुमार परमहंस, रामप्रसाद जायसवाल, रामकुमार सिंह राठौर, शशि अग्रवाल, लक्ष्मी महंत, गीता महंत, माधुरी ध्रुव, कुसुम साहू, सकुन महंत, शकीला बेगम, साबिया परबिन, रेशमा बेगम, सीमा तिवारी, सावित्री कर्ष, इंदूराम, परबिन बानो, टिंकी महंत, हमीदउल बानो, कला तिवारी, सरोज तिवारी, सकुन गुप्ता आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय कला उत्सव में विद्यार्थियों ने बिखेरे कला के विविध रंग

**रायपुर।** स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत समग्र शिक्षा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कला उत्सव 2022 हेतु ऑफ्लाईन / फेस टू फेस मोड़ में आयोजित होने वाले कला उत्सव 2022 पारम्परिक लोक कलाओं और शास्त्रीय कलाओं की विभिन्न शैलियों पर केन्द्रित 10 विधाओं का जिला स्तरीय आयोजन जिला कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान कांकेर में रखा गया।

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

राजहंस राजस्थानी थाली
पार्सल सुविधा
स्वाद घर का.....
राजस्थानी पारंपरिक व्यंजनों की स्वाद का आनंद लें
घड़ी चौक के सामने, गौरी लॉज के नीचे, सुपेला, भिलाई
संतोष शर्मा : 9649604367 देवीलाल शर्मा : 9783391314 प्रतीक दवे : 9752525050

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
K. Satyanarayan
Mo.9300771925, 0788-4030919

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### 11 साल की बच्ची से 15 साल के लड़के ने किया बलात्कार

**कोरबा ( ए )।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक 11 साल की बच्ची से 15 साल के नाबालिग ने बलात्कार किया है। इस शर्मनाक घटना के सामने आने के बाद पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध करते हुए आरोपी नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है। घटना का खुलासा उस वक्त हुआ जब मासूम ने रोते हुए घर आकर ये सारी बातें अपनी मां को बताई। जिसके बाद परिजनों ने थाने पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी नाबालिग रिश्ते में पीड़ित बच्ची का चाचा लगता है। शनिवार को 11 साल की बच्ची मवेशियों को चराने के लिए जंगल गई थी। साथ में नाबालिग लड़का भी गया था। जंगल में अकेली बच्ची को देखकर आरोपी की नीयत बदल गई। उसने डरा धमकाकर बच्ची से बलात्कार किया। पीड़िता ने घटना की जानकारी परिवार को दी। परिजनों ने रविवार को थाने पहुंचकर पुलिस को इस पूरी घटना से अवगत कराया। पुलिस नाबालिग लड़के को गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची को प्राथमिक इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में लाया गया था। मेडिकल जांच के बाद उसकी छुट्टी दी गई है।


### बेटिकट यात्री ने ट्रेन में कर दी टीटीई की पिटाई, दुर्ग में जीआरपी ने पकड़ा

**भिलाई।** बेटिकट यात्री ने ट्रेन में टिकट मांगने पर टीटीई की पिटाई कर दी। घटना बिलासपुर- बीकानेर एक्सप्रेस की है। ट्रेन के बिलासपुर से रवाना होने के बाद रायपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन के निकलने के बाद टीटीई हिमांशु कुमार टिकट की जांच कर रहे थे। इस दौरान एस-5 बोगी में बैठे एक शख्स ने टिकट नहीं दिखाया और विवाद करने लगा। यही नहीं शख्स ने टीटीई से मारपीट भी की। दुर्ग रेलवे स्टेशन पर टीटीई ने जीआरपी से इसकी शिकायत की। जीआरपी ने दुर्ग रेलवे स्टेशन पर आरोपी शख्स को गिरफ्तार कर लिया।

भिलाई तीन जीआरपी थाना प्रभारी राजकुमार बोरझा ने बताया कि घटना शनिवार रात की है। बिलासपुर बिकानेर एक्सप्रेस की एस-7 बोगी में टीटीई हिमांशु कुमार टिकट जांच रहे थे। पावर हाउस रेलवे स्टेशन के पास बिकानेर जा रहे युवक जगजीत सिंह से टिकट मांगा तो उसने नहीं दिया। बिना टिकट यात्रा करने पर टीटीई ने फाइन देने कहा तो युवक विवाद करने लगा। यही नहीं युवक ने टीटीई की पिटाई भी कर दी।

दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंचने से पहले की टीटीई हिमांशु कुमार ने जीआरपी कंट्रोल को अपने साथ मारपीट की सूचना दे दी थी। सूचना मिलने के बाद जीआरपी दुर्ग स्टेशन पर पहले से तैनात थी। जैसे ही ट्रेन दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंची जीआरपी जवान बोगी में दाखिल हुए और जगजीत सिंह हो हिरासत में ले लिया। इसके बाद टीटीई ने जीआरपी के पास लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद जीआरपी ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# रायपुर बिलासपुर हाइवे पर कार से भिड़ा बाइक सवार
# मौके पर मौत, कार सवार भी घायल






श्रीकंचनपथ न्यूज

**मुंगेली।** जिले के पथरिया थाना क्षेत्र में रायपुर-बिलासपुर हाईवे पर कार व बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना जोरदार था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और कार भी बुी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक में सवार दूसरा शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं कार चालक को भी चोटें आई हैं।

पथरिया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पथरगढ़ी निवासी विजय टंडन (41) भाटापारा निवासी अपने दोस्त तुलाराम साहू (44) के साथ रविवार की शाम बाइक पथरिया से बिलासपुर जा रहे थे। शाम करीब 5.30 बजे के आसपास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे विजय टंडन की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसके दोस्त तुलाराम गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल तुलाराम को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

#### हाइवे से नीचे उतर गई कार

हादसे के बाद कार चालक भी अपना नियंत्रण खो बैठा और कार हाइवे नीचे उतर गई। इससे कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इससे कार चालक सत्य प्रकाश साहू को भी गंभीर चोटें आई है। फिलहाल उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि हादसे में मरने वाला विजय टंडन रेलवे पोस्ट ऑफिस में काम करता था। रविवार शाम को अपने दोस्त के साथ राशन लेने पथरगढ़ी गया था और उसके बाद लौट रहा था।

#### राशन सामान लेने निकले थे बाइक सवार

बताया जा रहा है कि बाइक सवार विजय रेलवे के पोस्ट ऑफिस में दैनिक वेतनभोगी के पद पर कार्यरत थे। विजय अपने साथी कर्मचारी तुलाराम के साथ घर के लिए राशन सामान खरीदने के लिए पथरगढ़ी गए थे। वहां से वापस बिलासपुर की ओर जा रहे थे। तभी यह हादसा हो गया। इस मामले में पथरिया पुलिस ने कार चालक पर अपराध भी दर्ज किया है।

### रात के अंधेरे में खड़े कंटेनर से टकराए बाइक सवार युवक, तीनों की मौत

**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ के पेंड्रा में एक भीषण सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गई। तीन युवक एक ही बाइक पर सवार थे। दुर्घटना रविवार देर रात कोटमी चौकी क्षेत्र की है। मिली जानकारी के अनुसार कोटमी से पेंड्रा मुख्य मार्ग पर स्थित राधा स्वामी पेट्रोल पंप के सामने रविवार रात बाइक सवार तीन युवक पेट्रोल पंप के सामने सड़क किनारे खड़े कंटेनर से जा भिड़े। बाइक की रफ्तार तेज होने के कारण तीनों युवकों को संभलने का मौका नहीं मिला और ठोकर लगते ही तीनों ने चंद मिनटों में दम तोड़ दिया।



#### राहगीरों ने दी पुलिस को सूचना

पुलिस ने बताया कि कंटेनर कंटेनर यूपी-82 टी-5586 सड़क किनारे खड़ी थी। बाइक सवार तीनों युवक पसान के रहने वाले थे। बाइक सवार तीनों युवक पसान से पेंड्रा की तरफजा रहे थे। तभी यह हादसा हो गया। राहगीरों ने तीनों युवकों को कंटेनर के नीचे खून से लथपथ पड़े हुए देखकर पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद तीनों युवकों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार सिर पर गंभीर चोट लगने से तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

#### इनकी हुई मौत

पुलिस ने बताया कि मरने वालों में बसंत प्रजापति पिता महेश प्रजापति (20), शुभम मानिकपुरी पिता बलदाऊ मानिकपुरी (20) और तीसरा युवक सूरज प्रजापति (20) शामिल है। हादसे की सूचना के बाद घटना स्थल पर पेंड्रा थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी और कोटमी चौकी प्रभारी चंदन सिंह पहुंचे। एंबुलेंस के जरिए तीनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया।

## पुरानी रंजिश में शख्स को घर से निकालकर किया अधमरा, महज 36 घंटों पकड़ाए आरोपी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** सिकोला भाटा में आधी रात को पुरानी रंजिश में घर से निकाल शख्स को अधमरा करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना 4 नवंबर की रात की है। इस मामले में पीड़ित की पत्नी की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस से बचने के लिए सभी आरोपी फरार हो गए थे। महज 36 घंटों में पुलिस आरोपियों तक पहुंची और रविवार को एक नाबालिग सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार सिकोला भाटा निवासी सकीना खान ने 4 नवंबर की आधी रात को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। महिला ने बताया कि 4 नवंबर की रात करीब 11बजे मोहल्ले का जगजीत सिंह उर्फ कैप्टन अपने साथी राहुल मरकाम, रजत सोनी व अन्य के साथ पहुंचा और उनके पति अब्दुल वाहिद उर्फ पिंटू पठान को बाहर मंजीत किराना दुकान के पास ले गए। यहां पर सभी बांस का डण्डे, लात, घुंसा से मारपीट की। इस दौरान राहुल मरकाम ने चाकू से भी वार किया। पिंटू पठान को घायल अवस्था में छोड़कर भाग गए।

महिला की शिकायत के बाद इस मामले में मोहन नगर थाना में धारा 294,506,456,307, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण कि विवेचना के दौरान पता चला कि सुरेश उर्फ कोंदा सोनकर, शुभम उर्फ समीर दुबे एवं एक अपचारी बालक भी इस घटना में शामिल रहा। घटना के बाद सभी आरोपी पुलिस से बचने के लिए फरार हो गये थे। पुलिस ने इस मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुछताछ में आरोपियों ने बताया कि पिंटू पठान झगडालू प्रवृत्ति का है और अक्सर इनके साथ मारपीट करता था। इसकी का बदला लेने के लिए सभी ने पिंटू पठान की हत्या का प्लान बनाया था। पुलिस गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### शराबी मां सड़क किनारे सो गई, 4 साल की बच्ची को उठाकर ले गए दो लोग

**कोरबा।** एक शराबी मां ने अपनी ही बेटी के भविष्य को दाव पर लगा दिया। नशे में धुत होकर मां सड़क किनारे रात में सो गई, बच्ची मां के पास ही बैठी रही। जब नींद टूटी तो बच्ची गायब थी। पुलिस ने सीसीटीवी खंगाले तो दो लोग बच्ची को अपने साथ ले जाते हुए दिखे। इसके बाद महिला के होश उड़ गए। उसने पति के साथ अपनी बेटी को ढूंढने के लिए पुलिस से गुहार लगाई। वो तो गनीमत रही कि पुलिस ने चंद घंटों में ही मासूम को सकुशल ढूंढ निकाला। जिसके बाद सभी ने राहत की सांस ली। घटना कोरबा जिले के रामपुर चौकी क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह लगभग छह बजे सूचना मिली कि शराबी महिला निहारिका ए टू जेड महासेल के पास एक सो गई थी। सुबह उठी तो उसकी चार साल की बच्ची उसके पास नहीं थी। अपहरण या अनहोनी की आशंका के मध्य नजर पुलिस ने जांच शुरू की। घटनास्थल का दौरा किया। लोगों से पूछताछ की। निहारिका मेनरोड पर स्थित सीसीटीवी कैमरों से फुटेज की जांच शुरू हुई।

दुर्ग पुलिस का एक्शन

## दुर्ग-भिलाई में 100 से ज्यादा चखना सेंटरों पर कार्रवाई, टीम के साथ एसपी ने भी की रेड

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** शहर में बढ़ते अपराधों पर कंट्रोल करने दुर्ग पुलिस एक्शन में हैं। एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने चखना सेंटरों पर कार्रवाई की है। इस दौरान दुर्ग भिलाई सहित ग्रामीण क्षेत्रों में 100 से ज्यादा चखना सेंटरों पर दुर्ग पुलिस ने कार्रवाई की है। एसपी अभिषेक पल्लव खुद एक टीम लेकर चखना सेंटरों पर दबिश दी। एसपी पल्लव जामुल में चल रहे चखना सेंटर पहुंचे और उसे बंद कराया।

डॉ. अभिषेक पल्लव पुलिस अधीक्षक ज़िला दुर्ग के निर्देशन में दुर्ग में लगातार अवैध गतिविधियां संचालित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में ज़िले के सभी अधिकारियों को जिले में अवेध रूप से संचालित आहता सेंटर पर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया था। शहरी क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दुर्ग संजय ध्रुव तथा ग्रामीण क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनंत कुमार साहू के निर्देशन में टीम गठित कर आहता सेंटरो पर कार्यवाही किया गया।

छावनी अनुभाग में सीएसपी छावनी प्रभात कुमार के नेतृत्व में जामुल आहता सेंटर पर दबिश दी गई जहां पुलिस अधीक्षक दुर्ग डॉ अभिषेक पल्लव भी उपस्थित रहे। जामुल आहता सेंटर संचालित करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहां अत्यधिक संख्या में सार्वजनिक संख्या में शराब का सेवन करने वाले व्यक्ति मिले जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई। दुर्ग अनुभाग में सीएसपी दुर्ग वैभव बैंकर, भिलाई नगर अनुभाग में निखिल रखेजा, पाटन अनुभाग में ह्यस्त्रश्श्र देवांश राठौर व धमधा अनुभाग में डीएसपी संजय पुण्डीर के नेतृत्व में 105 चखना सेंटरों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान दुर्ग 18, उतई 17, नंदिनी 15, पद्मनाभपुर 14, जामूल 09, भिलाई नगर 07, जामगांव 06, अंडा 05, ज़ेवरा सिरसा 05, धमधा 03, रानीतराई 02, नेवई 03 व पुलगांव 01 पर कार्रवाई हुई।

## शादीशुदा युवक ने छात्रा से किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बिलासपुर।** शादी का झांसा देकर छात्रा से रेप का मामला सामने आया है। आरोपी युवक छात्रा को झांसे में लेकर अपने साथ भगा ले गया। परिजनों ने को पता चला तो उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी का लोकेशन ट्रेस कर उसे गिरफ्तार किया और छात्रा को उसके परिजनों के हवाले किया। पुलिस ने इस मामले में युवक के खिलाफ धारा 376 व पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मामला सकरी थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार 3 नवंबर को छात्रा के लापता होने की सूचना मिली थी। इसके पुलिस ने जांच शुरू की। इस बीच पुलिस को पता चला कि नाबालिग की दोस्ती ब्राह्मणपारा सकरी निवासी राहुल तिवारी(23) से है। इसके बाद पता चला कि राहुल तिवारी छात्रा को झांसा देकर भगा ने गया था। राहुल को गिरफ्तार कर लड़की को उसके पास छुड़वाया और परिजनों को सौंप दिया। छात्रा ने अपने बयान में बताया कि युवक उसे अपने साथ रायपुर लेकर गया था और उससे दुष्कर्म भी किया।

सकरी पुलिस ने बताया कि छात्रा की कुछ समय पहले ही आरोपी राहुल से दोस्ती हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। इसका फायदा उठाकर युवक ने छात्रा को शादी का झांसा दिया और अपने साथ ले जाकर रेप किया। छात्रा के सामने उसने शादीशुदा होने की बात भी छिपाई थी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी राहुल तिवारी पर कारवाई कर उसे जेल भेज दिया है।

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

### अब आधार अपडेट करवाने में होगी दिक्कत, 14 से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर आपरेटर व संचालक

# एक गलती पर रोजगार छिन रही आधार अथॉरिटी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। देश व प्रदेश भर में आधार कार्ड बनाने के सैंकड़ों आधार केन्द्र/च्वॉइस सेंटरों का संचालन होता है। ऑल इंडिया आधार ऑपरेटर यूनियन (एआईएओयू) 14 नवंबर से नई दिल्ली के जंतर मंतर पर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने की फैसला किया है। फ़रवरी 2022 से लगातार अपनी मांगो को लेकर यूनियन के पधाधिकारियों द्वारा मिलने संबन्धित कई बार सीईओ, यूआईडीएआई एवं मंत्री अश्विनी वैष्णव (रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री) को कई बार ईमेल एवं टेलीफ़ोन कर उनसे मिलने के लिए समय मांगा गया परंतु आज दिनांक तक उन्होंने हमें कोई जवाब नहीं दिया है और ना ही मिलने का समय दे रहे हैं।**



यूआईडीएआई (भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण) द्वारा डीओई-1 इत्यादि के नाम पर आधार ऑपरेटर को अनावश्यक रूप से 1 से 5 वर्ष के लिए निलंबित कर दिया जाता है। आधार ऑपरेटरों को प्रतिमाह मिलने वाला नया पंजीयन व मैनिटरी अपडेट का पैसा प्रतिमाह न तो मिलता और न ही उसका हिसाब दिया जाता है। जिससे ऑपरेटरों को आर्थिक नुकसान और जिविकोपार्जन में असुविधा महसूस होती है।

जिससे दुर्ग जिले सहित पूरे भारतवर्ष से आधार ऑपरेटर्स आगामी 14 नवंबर से अनिश्चिकालीन आंदोलन पर होंगे। ऑपरेटर्स ने आरोप लगाया है कि उन पर बगैर कारण बताए एक साल से लेकर पांच साल तक सस्पेंशन की कार्यवाही की जा रही है। जिससे नाराज संचालको व ऑपरेटरों ने हड़ताल का सहारा लेने का ऐलान किया हैं।

इसी तारतम्य में मान्यता प्राप्त संस्था छत्तीसगढ़ आधार सेवा समिति के आधार आपरेटर यूनियन संघ द्वारा हड़ताल का समर्थन किया है। वहीं दुर्ग जिले के भिलाई नगर निगम के जोन क्रमांक-2 में संचालित आधार केन्द्र व च्वाइस सेंटर के संचालक उमेश पटेल ने बताया कि हड़ताल के संबंध में दुर्ग कलेक्टर से मुलाकात कर स्थिति से अवगत करा दिया गया है। वहीं देशभर के समस्त आधार ऑपरेटरों व संचालकों द्वारा 14 नवंबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल जंतर-मंतर नई दिल्ली पर किया जाना है जिसके समर्थन में आधार पंजीयन का कार्य बंद रखे जाने का निर्णय लिया गया है। इस प्रदर्शन के दौरान लगभग देश के सभी आधार ऑपरेटर व संचालक सांकेतिक रूप से शांतिपूर्वक अपनी मांगों को लेकर इकट्ठा हो रहे है जिसके संबंध में छत्तीसगढ़ के समस्त आधार ऑपरेटरों व संचालकों द्वारा सहमति व्यक्त कर आधार पंजीयन का कार्य बंद रखा जा रहा है।

## आधार अपडेट करवाने के लिए जनता को होगी तकलीफ

आधार (यूनिक आइडेंटिफ़िकेशन अथोरिटी ऑफ इंडिया) ने पिछले 10 वर्षों के दौरान अपडेट नहीं हुई आधार डॉक्यूमेंट (आधार कार्ड) को अपडेट कराने की अपील जारी की है। दुर्ग जिले के वे निवासी जिन्होंने 10 साल पहले आधार कार्ड बनवाया और उसके बाद कभी अपडेट नहीं कराया है, ऐसे समस्त आधार कार्डधारियों को अपडेट कराने के निर्देश दिए गए है। इस बीच अगर आधार संचालक हड़ताल पर चले जाएंगे तो सुधार कार्य प्रभावित होगा। वहीं आधार बनाने में गलती होने आइडेंटिफ़िकेशन अथॉरिटी आफइंडिया (यूआईडीएआई) के इस नियम के कारण देशभर में बीते कई महीनों या यूं कहें सालों में हजारों युवाओं का रोजगार छिन चुका है। यह नियम अथॉरिटी की ओर से 2021 में लागू किया गया था। इससे पहले तक 5 गलतियां होने पर आधार कार्ड ऑपरेटरों को एक साल के लिए ब्लैक लिस्ट किया जाता था, मगर दिसंबर-2021 के बाद नया नियम लागू होने से ऑपरेटर धड़ाधड़ बेरोजगार हो रहे हैं। इस नियम के तहत कई वर्षो से आधार कार्ड बना रहे ऑपरेटरों को भी ब्लैकलिस्ट किया जा रहा है। जिन्हें ब्लैकलिस्ट या सस्पेंडेड किया जाता है, उनके कमीशन को फ़ाइन के तौर पर पैसे का गबन कर दिया जाता है जिसका कोई भी हिसाब किताब नही रहता। ऑपरेटरों का कहना है कि उन्हें जो कमीशन दिया जाता है, लेकिन जो लोग ब्लैकलिस्ट किए गए हैं, उनमें से कई महीनों से कमीशन नहीं दी गई है। वहीं ऑपरेटरों व संचालकों का सवाल है कि ऐसी महारत किसको हासिल है कि कोई गलती ही नहीं करे। अफ़सरों से भी गलतियां होती हैं, क्या उन्हें ब्लैकलिस्ट कर दिया जाता है? वहीं कई ऑपरेटरों एवं संचालकों का कहना है कि पूरे प्रदेश के युवाओं को बेरोजगार बनाने का तरीका निकाला गया है क्या यह तानाशाही फ़रमान है? उस पर भी विडम्बना यह है की आधार सुपरवाइजर ऑपरेटर को कभी भी यह नहीं बताया जाता है की सुपरवाइजर ऑपरेटर ने किस आधार पैकेट से क्या गलती की है जिससे की कम से कम उसने क्या गलत किया है उसे पता हो बस यह कह कर इतिश्री कर ली जाती है की अपने 1 से 5 गलती की है इसलिए आपको ब्लैकलिस्ट कर 3 माह से 1 वर्ष, 5 वर्ष अथवा 10 वर्ष के लिए निलंबित किया गया है जो की न्यायसंगत नहीं प्रतीत होता है। आधार सुपरवाइजर/ऑपरेटर जिला ई-गवर्नेंस सोसाईटी, बैंक एवं रजिस्ट्रार के अंतर्गत कार्य कर रहे है। परंतु जब सुपरवाइजर / ऑपरेटर पारदर्शिता की बात करते हैं या अपने सवाल के जवाब मांगते हैं तो सभी पक्ष एक दूसरे से संपर्क करने को कहते है एवं आधार सुपरवाइजर ऑपरेटर को कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता है।

### क्या है ज्ञापन में ?

ऑपरेटर्स ने ज्ञापन में लिखा हैं कि गलती होने पर ट्रेनिंग देकर तुरंत बहाल किया जावे। वहीं 2021-22 में नवीन एसओपी के नियम के तहत निलंबित किए गए आधार सुपरवाइजर को तत्काल प्रभाव से व्हाइटलिस्ट किया जाए और पूर्व में आधार सुपरवाइजर को सॉफ्टवेर में गलती सुधार का मौका दिया जाता था, उसे पुनः लागू किए जाने के आलावा 14 तरह की मांग रखी गई है। इन्हीं मांगो को लेकर 14 नवंबर को ऑल इंडिया आधार ऑपरेटर यूनियन के सदस्यों द्वारा नई दिल्ली के जंतर मंतर पर सांकेतिक रूप से शांतिपूर्वक अपनी मांगे लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल का आह्वान किया गया है।

## खास - खबर

### कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर अखंड हरि कीर्तन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रेम निरंजन योगासन खेल संघ के तत्वाधान में श्री रामभ्रद सेवा मंडल के संस्थापक आचार्य पंडित प्रेम नारायण शर्मा जी की स्मृति में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर अखंड हरि कीर्तन एवेन्यू ई सेक्टर 6 श्री बांके बिहारी सांस्कृतिक मंच का आयोजन 6 नवंबर को साय 7 बजे से प्रारंभ हो रहा है जिसका 7 नवंबर के संध्या 7 बजे समापन होगा। उक्त जानकारी संस्था के सचिव अजीत पंडा, सुरेश अग्रवाल ने प्रेस को दी है।

### नारायण हरि कीर्तन यात्रा निकाली गई

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वावधान मे संत श्री आसाराम जी बापू की संस्था द्वारा वैशाली नगर भिलाई में भव्य नारायण हरि किर्तन यात्रा सुबह निकाली गई,कार्यक्रम की सुरुवात नारायण हरि भगवान नाम का जयकारा लगाते हुए की गई,इस दिव्य प्रभात यात्रा को पूरे वैशाली नगर,शांति नगर घुमाये गए,यात्रा में भिलाई के अलावा दुर्ग बोरसी और बेलौदी गांव के हरिओम साधक परिवार आये हुए थे,यात्रा में ऋषि प्रसाद मासिक पत्रिका का 1500 सत्साहित्य वितरण किये गए साथ मे नूतन वर्ष की कैलेंडर भी दी गई, संत श्री आसाराम जी बापू आश्रम समिति के अध्यक्ष चन्दू चंद्रकार द्वारा जानकारी दी गई कि,8 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा बेलौदी आश्रम में सुबह मनाई जायेगी,जिन जिन भाइयो के यहाँ चातुर्मास के चार माह बापू जी के जीवन पर आधारित श्रीआशारामायण पाठ ,भजन कीर्तन हुये है वो पुर्ण आहुति इस दिन दे सकते है 12-13 नवंबर को राज्यस्तरीय युवा शिविर रायपुर आश्रम में है जिन युवा भाइयो को समिलित होना है संघ से संपर्क करे 9907479107,उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

### टपरी हॉटल संचालक को सड़क पर गंदा पानी फेकना पड़ा भारी, निगम ने लगाया एक हज़ार जुर्माना

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पुलगाँव मिनी माता चौक के करीब टपरी होटल के संचालक अवधेश मिश्रा द्वारा सड़क में गंदगी फैलाने पर 1000 हजार का जुर्माना किया है। भविष्य में होटल के मालिक को इस तरह की हरकत न करने समझाईश दी गयी है। शहर में गंदगी फैलाने वालों की अब खैर नहीं।आयुक्त लोकेश चंद्रकार के सख्त निर्देश पर नगर निगम ने मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत स्वच्छ शहर के लिए कमर कस ली है। निगम टीम ने मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत कार्रवाही का दूसरा दिन। चौक चौराहों पर कार्रवाही के दौरान शनिवार को सड़क के बीच गंदा पानी छोड़ दिया। इस दौरान अतिक्रमण अधिकारी शिव शर्मा, राजस्व निरीक्षक दुर्गेश गुप्ता ने हॉटल मालिक को 1000 हजार रुपये जुर्माना ठोका है। वहीं भविष्य में इस तरह की हरकत न करने समझाईश दी गयी है। निगम टीम ने महाराजा चौक में दुकान के बाहर सड़क पर लगाए साइन बोर्ड को निकलवाया,इसके अलावा मुख्य सड़क जी.ई. रोड के दोनों तरफ दुकानो के बाहर रखे बोर्ड इत्यादि को हटवाया गया,साथ ही गंजपारा पहुँचकर दुकान के बाहर सड़क पर रखे सामानो को उठवाया।

### 19 लाख से बनेगा स्ट्राम वॉटर ड्रेन

# जो काम 15 सालों में नहीं हुआ वे दो वर्ष में हुए पूरे : ताम्रध्वज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली। जो काम 15 वर्षों में नहीं हुआ, वह महज 2 वर्ष में हुआ। उक्त बातें दुर्ग ग्रामीण विधायक व लोक निर्माण एवं गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहीं। उन्होंने रविवार को रिसाली निगम क्षेत्र के 16 विभिन्न स्थानों पर 4 करोड़ 58 लाख 69 हजार का भूमिपूजन कर विकास के लिए नींव रखा।**




गृहमंत्री ने भूमिपूजन अवसर पर कहा कि पहले रिसाली क्षेत्र जोन के रूप में स्थापित था। वर्तमान में यह पृथक से निगम है। 15 साल से यह क्षेत्र उपेक्षित रहा। निगम बनने के बाद 100 करोड़ के कार्य स्वीकृत हुए। शासन से जैसे-जैसे राशि मिल रही है वे भूमिपूजन कर रहे है। मंत्री ने कहा कि पूरे निगम क्षेत्र में एक साथ कार्य शुरू हो यह संभव नहीं, किन्तु धीरे-धीरे आवश्यकतानुसार कार्य हर वार्ड में होगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि सभापति केशव बंछोर, पीसीसी महामंत्री जितेन्द्र साहू, सदस्य महापौर परिषद अनूप डे, सनीर साहू, परमेश्वर, गोविंद चतुर्वेदी, चन्द्रभान ठाकुर, विलासराव बोरकर, ईश्वरी साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकुंद भाऊ थे। कार्यक्रम में पार्षद टीकम साहू, सारिका साहू, शीला नारखेड़े, शैलेंद्र साहू, रेखा देवी, गजेंद्री कोठारी, विनय नेताम, डोमन बारले, विधि यादव, सरिता देवांगन, खिलेंद्र चंद्राकर, रोहित कुमार, हरिशचंद्र, अनिल देशमुख, जहीर अब्बास, जमुना ठाकुर, एल्डरमेन मोहम्मद निजाम, संतु दास, अजीत कुमार यादव, संगीता सिंह, संध्या वर्मा, तरुण कुमार बंजारे, आदि उपस्थित थे।

### जाने किस वार्ड मे 4 करोड़ 58 लाख से विकास

वार्ड 2: मानिकपुरी भवन 10 लाख, नाली निर्माण व प्रकाश व्यवस्था 14.23 लाख, स्ट्राम वॉटर ड्रेन निर्माण 19.88 लाख, वार्ड 3: चबूतरा का विस्तारीकरण 4 लाख, विद्युतीकरण 4.29 लाख, 30 बिस्तर अस्पताल में प्रसाधन निर्माण 10.10 लाख, वार्ड 6: छोटा उद्यान निर्माण 7 लाख, नाली निर्माण 8 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण 3.72 लाख, वार्ड 5: सीसी रोड व नाली निर्माण 12 लाख, वार्ड 31: सीमेंटीकरण 20 लाख, वार्ड: 29 पेवर ब्लॉक व विद्युतीकरण 10.20 लाख, वार्ड 30: सीसी रोड मरम्मत 15 लाख, फुटपाथ निर्माण 17.37 लाख, नाला निर्माण 16 लाख, वार्ड 13: बाउंड्रीवॉल व एसएस रेलिंग लगाने 8 लाख, सीमेंटीकरण 26 लाख, सीसी रोड 8 लाख, वार्ड 14: सीसी रोड व नाली 36 लाख, ओपन जिम व बेंच स्थापना 5 लाख, कल्याणी मंदिर से ब्रिज तक लाइट 20 लाख, नाली व सीसी रोड 21.42 लाख, वार्ड 18: नाली व सीसी रोड 12.96 लाख, विद्युतीकरण 4.20 लाख, वार्ड 19: नाली व सीसी रोड 21.42 लाख, विद्युतीकरण 8.40 लाख, आंगनबाड़ी भवन 6.45 लाख, बस स्टॉप निर्माण 4.8 लाख, वार्ड 20: फुटपाथ निर्माण 15.55 लाख, वार्ड 16: सीसी रोड 7 लाख, वार्ड 17: नाली निर्माण 20.81 लाख, आंगनबाड़ी भवन 6.45 लाख, वार्ड 34: नाली व सीमेंटीकरण 8 लाख, चबूतरा निर्माण 2 लाख, वार्ड 35: मंच, शेड व पुलिया 7.24 लाख, सीसी रोड 8 लाख, मंच, पुलिया, नाली निर्माण 4.99 लाख, वार्ड 36: विद्युतीकरण 6.28 लाख व वार्ड 37: डामरीकरण 24.90 लाख, नाली निर्माण 8 लाख एवं आंगनबाड़ी भवन 6.45 लाख।

### महिला कांग्रेस के दीवाली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक वोरा

# मोतीलाल वोरा के तैल चित्र का किया गया अनावरण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शहर का राजीव भवन गुलजार रहा। महिला कांग्रेस दुर्ग की अध्यक्ष कन्या ढीमर के नेतृत्व में दीवाली मिलन के भव्य आयोजन के साथ ही सुवा नृत्य ने समा बांधा। वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में विधायक अरुण वोरा ने अपने पिता एवं प्रदेश व देश के अग्रिम पंक्ति के नेता माने जाने वाले बाबूजी श्री मोतीलाल वोरा के तैलचित्र का अनावरण किया।

सैकड़ों की संख्या में जुटी महिलाओं एवं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को विधायक वोरा ने दीवाली, छठ पर्व एवं एकादशी की बधाई दी साथ ही उन्होंने मोतीलाल वोरा जी की कर्म परायणता से प्रेरणा लेने की सीख देते हुए कहा कि पार्टी एवं संगठन के लिए समर्पित भाव से लगातार कार्य करने का फ्ल हमेशा एक कार्यकर्ता को प्राप्त होता है। मेहनत करने वाले कभी पीछे नहीं रहते। जिस तरह से बाबूजी ने एक पार्षद के रूप में राजनैतिक जीवन की शुरुवात कर विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल जैसे पदों तक पहुंचे उसके लिए कांग्रेस के लिए समर्पण आवश्यक है। बाबूजी ने हमेशा यह संदेश दिया है कि पद आते जाते रहते हैं इस दौरान व्यक्ति को हमेशा विनम्र भाव से जनता की सेवा करनी चाहिए। वर्तमान में छत्तीसगढ़ सरकार पूरे देश मे जनविकास का एक मॉडल बन कर उभरा है। प्रदेश सरकार की नीतियां एवं योजनाएं अभूतपूर्व एवं अनुकरणीय हैं किंतु अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास शासन प्रशासन के साथ साथ हर कार्यकर्त्ता को करना चाहिए। जनसेवा की भावना से बढ़कर कोई भावना नहीं महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई एवं सभी प्रकोष्ठों का अपना महत्व है। आने वाला वर्ष चुनाव का है जहां सभी को एकजुट होकर प्रदेश में फ़िर से भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार लाना है।

### दुर्ग जिला ओलंपिक खेल महोत्सव का आगाज

# ओपनिंग मैराथन में एसपी के साथ दौड़े सैकड़ों खिलाड़ी, विजेताओं को मिला नकद पुरस्कार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। दुर्ग जिला ओलम्पिक खेल महोत्सव का सोमवार को भिलाई में आगाज हुआ। पहले दिन मैराथन दौड़ प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें सोमवार सुबह दुर्ग एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई। साथ ही एसपी और भिलाई मेयर नीरज पाल सहित सैकड़ों खिलाड़ियों ने दौड़ लगाई।**



महिला और पुरुष दो वर्गों में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने सेक्टर 1 खेल मैदान से लेकर सेन्ट्रल एवेन्यू से होते हुए सेक्टर 5 डोमशेड तक दौड़ लगाई। 7 नवम्बर से 14 नवम्बर तक भिलाई के विभिन्न मैदानों में अलग-अलग खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

**जीतने वालों को दिया नकद पुरस्कार**

दुर्ग जिला ओलंपिक खेल महोत्सव के पहले इवेंट मैराथन में जीतने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। महिला वर्ग में प्रियंका साहू ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमशः बी हिमेश्वरी और शीतल कुशवाहा रही। वहीं पुरुष वर्ग में ओंमकार वर्मा, मुकेश केआर, उमा शंकर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। जीतने वाले खिलाड़ियों को एसपी डॉ. पल्लव और मेयर नीरज पाल ने नकद पुरस्कार के रूप में प्रथम आने वाले को 31 सौ, द्वितीय आने वाले को 21 सौ और तृतीय पुरस्कार विजेता को 11 सौ रुपए की सम्मान राशि दी।

### महामानव मल्टीपर्पस सोसायटी भिलाई-दुर्ग व महिला सशक्तिकरण संघ के प्रयास से

# छत्तीसगढ़ शासन ने बी.ए. पालि भाषा विषय को पढ़ाने की स्वीकृति दी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त बहुउदेशीय सामाजिक संस्था महामानव मल्टीपर्पस सोसायटी भिलाई दुर्ग के व्यारा छत्तीसगढ़ में सभी शासकीय कालेज में पालि भाषा विषय को पाने के लिए विगत सात वर्षों से छत्तीसगढ़ शासन को पत्र प्रेषित किया जा रहा था। विगत 4 अप्रैल 2019 को पूर्व दुर्ग संभागायुक्त व हेमचंद यादव युनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति दिलीप वासनिकर को इस विषय पर पत्र प्रेषित किया गया था।**



समय-समय पर भंते डॉ. चंद्रकीतीजी व आशीष चौहान के व्दारा मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा मंत्री व उच्च अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया जाता रहा व बार-बार मुलाकात कर निवेदन किया जाता रहा।

हम सभी के प्रयास से छत्तीसगढ़ शासन में पालिभाषा विषय को पढ़ाने की स्वीकृति दी। बी.ए. (पालि भाषा) कि क्लास आगामी सत्र 2023-24 से शासकीय इंदिरा गांधी कला व वाणिज्य महाविद्यालय, वैशाली नगर, भिलाई में शुरू हो रही है। छत्तीसगढ़ के सभी बौद्ध समाज के सभी संगठनों व समस्त अनुयायियों कि ओर से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल को बहुत बहुत साधुवाद।

इस पुनीत कार्य के लिए विगत दिनों पूर्व संभागायुक्त दिलीप वासनिकर को उनके निवास रायपुर में भंते डॉ. चंद्रकीतीजी, आशीष चौहान, बालेश्वर चौरे, बी. आर. कठाने जी ने भेंट कर सम्मानित कर साधुवाद दिया। आज शासकीय इंदिरा गांधी कला व वाणिज्य महाविद्यालय, वैशाली नगर, भिलाई के प्राचार्या डॉ. अल्का मेश्राम का सम्मान व साधुवाद देने के लिए महामानव मल्टीपर्पस सोसायटी व महिला सशक्तिकरण संघ के पदाधिकारी, आशीष चौहान, एस. आर. कानडे, प्रतिभा बंसोड, प्रज्ञा वौद्ध, रंजना वालवांद्रे, शैलेन्द्र भगत, प्रवीण वासनिक, प्रीतिमा गेडाम, अविनाश गांवडे, गौतम खोब्रागढ़े, संगीता खोब्रागढ़े, गिरीश मनवीर ने किया। उपरोक्त जानकारी आशीष चौहान द्वारा दी गई।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950